वर्षः 33, अंकः 279, गाजियाबाद,
**शनिवार, 07 नवम्बर 2020**
Email: athahmedia@gmail.com,
Website : www.dainikathah.com
**पृष्ठः 6, मूल्यः 2 रुपए**

# दैनिक अथाह
समाचार • विचार • विश्लेषण

गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर, बुलंदशहर, मेरठ, बागपत, मुजफ्फरनगर व हापुड़ में सर्वाधिक प्रसारित



**किसानों का बिल माफ करे सरकार प्रियंका...**
पेज-5



**नई पीढ़ी को सुरक्षित भविष्य प्रदान करना...**
पेज-5

होटल पार्टनर पर बेटी की हत्या का आरोप... 02
बेवजह आवेदन निरस्त करने वाले बैंकों... 03
कोरोना के बाद सामान्य होती जिन्दगी 04
निष्पक्ष व शांतिपूर्ण संपन्न कराएं एमएलसी ... 06

**सर्राफा बाजार** → प्रति 10 ग्राम

| | | |
|---|---|---|
| सोना | ₹ 53900 | 00.00 |
| चांदी | ₹ 650.10 | 00.00 |

**मौसम**

| | |
|---|---|
| अधिकतम ............... | 31° (-2) |
| न्यूनतम ............... | 13° (+1) |
| सूर्यास्त ......... | 5.31 (बजे) |
| सूर्योदय ........ | 6.37 (बजे) |

## फास्ट ट्रैक

### सपा में विलय करेंगे या होगा गठबंधनः शिवपाल यादव

अथाह ब्यूरो
गोंडा प्रगतिशील समाजवादी पार्टी (प्रसपा )के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवपाल सिंह यादव ने ऐलान किया है कि उत्तर प्रदेश में अगला विधानसभा चुनाव के लिए उनकी पार्टी और सपा के बीच गठबंधन होगा, दोनों पार्टी मिलकर विधानसभा चुनाव लड़ेंगी। उन्होंने साफ किया कि प्रसपा का समाजवादी पार्टी में विलय नहीं होने जा रहा है। शुक्रवार को गोंडा जिले के आरपीएस इंटर कालेज रामदेव नगर इटियाथोक में पार्टी कार्यकताओं द्वारा आयोजित स्वागत समारोह में शिवपाल ने कहा कि सरकार की गलत नीतियों और उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों की वजह से प्रदेश से बीजेपी की सरकार को प्रसपा हटाना चाह रही है। इसके पूर्व शिवपाल सिंह यादव ने मीना शाह इंस्टिट्यूट पहुंचकर स्व मीना शाह बाबा की मजार पर खिराज-ए-अकीदत पेश कर अपनी संवेदना प्रकट की। उन्होंने मीना शाह इंस्टीटयूट के सीईओ शईद मीनाई से भी मुलाकात की।

### हज यात्रा के लिए आवेदन आज से



अथाह ब्यूरो
लखनऊ। हज करने की ख्वाहिश रखने वाले आजमीन आज से हज यात्रा के लिए अपना ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। सऊदी हुकूमत की ओर से हज और उमराह से पाबंदी हटाने के बाद हज कमेटी ऑफ इंडिया ने हज एक्शन प्लान 2021 जारी कर दिया है। आवेदन की अंतिम तिथि 10 दिसंबर है। हज कमेटी की वेबसाइट hajcommittee.gov.in पर फॉर्म का प्रारूप अपलोड कर दिया गया है। कोविड 19 के चलते हज कमेटी ने हज यात्रा 2021 में कई बदलाव किए हैं। इस बार हज यात्रा के लिए केवल 18 से 65 वर्ष आयु के आजमीन ही आवेदन कर सकेंगे।

सीएम योगी आदित्यनाथ बोले-

# किसानों से दुर्व्यवहार कतई बर्दाश्त नही, किसानों को करें जागरूक

- पराली जलाने से होने वाली क्षति के प्रति किसानों को जागरूक करें
- किसान उन योजनाओं का लाभ उठाएं जिससे पराली को निस्तारित कर उसे उपयोगी बनाया जा सके

अथाह ब्यूरो

**लखनऊ।** पराली जलाने को प्रदेश में वायु प्रदूषण का एक प्रमुख कारण माना जा रहा है। ऐसे में पुलिस प्रदेश में पराली जलाने वाले किसानों के प्रति कड़ी कार्रवाई कर रही है। पुलिस की इस कार्रवाई पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बेहद नाराजगी जताई है। मुख्यमंत्री ने साफ लफ्जों में कहा है कि किसानों के साथ दुर्व्यवहार कतई बर्दाश्त नहीं होगा। इसके साथ ही उन्होंने कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया है कि वह लोग पराली जलाने वाले किसानों को इससे होने वाले नुकसान तथा इसके उपयोग के प्रति जागरूक करें।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पराली ( फसल अपशिष्ट) जलाने से होने वाली क्षति के प्रति किसानों को जागरूक करें। किसी भी स्थिति में कहीं भी इस मुद्दे पर किसानों से बदसलूकी सहन नहीं की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि पराली को लेकर पहले ही कई गाईडलाइन जारी की जा चुकी हैं। अब सूबे में अभियान चलाकर अधिकांश किसानों को पराली जलाने से होने वाले नुकसान और नहीं जलाने से होने वाले लाभ के बारे में जानकारी दी जाए। उन्हें बताएं कि पराली जलाना पर्यावरण के साथ आपकी जमीन की उर्वरा शक्ति के लिए भी ठीक नहीं है।

> सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट और एनजीटी (नेशनल ग्रीन ट्राइब्यूनल) ने देश में कहीं भी पराली जलाने को दंडनीय अपराध घोषित किया है। किसान ऐसा करने की जगह उन योजनाओं का लाभ उठाएं जिससे पराली को निस्तारित कर उसे उपयोगी बनाया जा सकता है। सरकार ऐसे कृषि यंत्रों पर अनुदान भी दे रही है।



**दिशा-निर्देश**

- पराली को लेकर कई गाईडलाइन जारी की जा चुकी हैं,
- कृषि यंत्रों के जरिए पराली को बनाएं कमाई का जरिया

कई जगह किसानों ने इन कृषि यंत्रों के जरिए पराली को कमाई का जरिया बनाया है। बाकी किसान भी इनसे सीख ले सकते हैं। किसानों के ये सारी चीजें बताई जानी चाहिए। पराली के साथ फसल के लिए सर्वाधिक जरूरी पोषक तत्व नाइट्रोजन, फास्फोरस और पोटाश (एनपीके) के साथ अरबों की संख्या में भूमि के मित्र बैक्टीरिया और फफूंद भी जल जाते हैं। यही नहीं, बाद में भूसे की भी किल्लत बढ़ जाती है।

भारत-इटली सम्मेलन में बोले मोदी

# कोरोना के बाद की दुनिया के लिए तैयार होना जरूरी



नई दिल्ली। भारत और इटली के बीच शुक्रवार को आयोजित द्विपक्षीय डिजिटल शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इटली के कोरोना पीड़ित लोगों के प्रति संवेदना जताई। उन्होंने कहा कि भारत की जनता की ओर से मैं इटली में कोरोना महामारी की वजह से जान गंवाने वाले लोगों के प्रति गहरी संवेदना प्रकट करता हूं।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, मैं इटली में कोविड-19 वैश्विक महामारी की वजह से हुए नुकसान के लिए भारत के सभी लोगों की ओर से संवेदना व्यक्त करता हूं। जब दुनिया के अन्य देशों को कोरोना वायरस के बारे में पता चल रहा था और वे इसे समझने की कोशिश कर रहे थे, उस समय आप इसका सामना कर रहे थे। उन्होंने कहा, मैं आशा करता हूं कि कोरोना की स्थिति सुधरने के बाद हमें इटली की संसद के सदस्यों का भारत में स्वागत करने का मौका मिलेगा। हम सभी को कोरोना के बाद की दुनिया के लिए तैयार होना होगा। इससे उत्पन्न होने वाली चुनौतियों और अवसरों के लिए हम सभी को नए सिरे से तैयार रहना होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि कोविड-19 महामारी द्वितीय विश्वयुद्ध की तरह हमेशा इतिहास का एक हिस्सा रहेगी। उन्होंने जोर देते हुए कहा हमें खुद को कोरोना महामारी के बाद की दुनिया के लिए तैयार करना होगा।

**बहुपक्षीय और द्विपक्षीय संबंधों पर हुई चर्चा**
पश्चिमी यूरोप के संयुक्त सचिव संदीप चक्रवर्ती ने इस सम्मेलन को लेकर कहा कि द्विपक्षीय संबंधों के साथ बहुपक्षीय मुद्दों पर चर्चा की गई। इटली के प्रधानमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को प्रसिद्ध कवि दांते की 700वीं जंयती संयुक्त रूप से सम्मिलित होने के लिए निमंत्रित किया।

# भारत की चीन को दो टूक, एलएसी पर यथास्थिति बहाली ही गतिरोध का हल

अथाह संवाददता

**नई दिल्ली।** पूर्वी लद्दाख में एलएसी पर जारी सैन्य गतिरोध का हल निकालने के लिए कमांडर स्तर की हुई वार्ता में भारत ने चीन को एक बार फिर साफ कर दिया कि एलएसी की यथास्थिति में बदलाव किए बिना ही सैनिकों को पीछे हटाने का रास्ता निकालना होगा। एलएसी के दुर्गम इलाकों में तैनात सैनिकों को पीछे हटाने के लिहाज से शुक्रवार को हुई कमांडर स्तर की आठवें दौर की यह वार्ता भारत और चीन दोनों के लिए बेहद अहम है। इस वार्ता में सहमत होने वाले मुद्दों पर आपसी समझ बनाने के बाद ही दोनों देशों अपना बयान जारी करेंगे।

हालांकि चीफ ऑफ डिफेंस स्टॉफ जनरल बिपिन रावत ने एलएसी पर तनाव की स्थिति कायम रहने की बात कहते हुए



चीन के दुस्साहस और अतिक्रमण को इसके लिए जिम्मेदार ठहराया। साथ ही कहा कि इस दुस्साहस के बाद चीनी सेना को भारतीय सेना के अप्रत्याशित और मजबूत जवाब से रूबरू होना पड़ रहा है। जनरल रावत ने भी साफ कर दिया कि एलएसी में किसी तरह का बदलाव भारत को मंजूर नहीं है। भारत-चीन के विदेश मंत्रियों के बीच मास्को बैठक में एलएसी गतिरोध का वार्ता से हल निकालने की बनी सहमति के बाद सैनिकों को दुर्गम इलाकों से हटाने के मुद्दे पर कमांडर स्तर की आठवें दौर की बातचीत अहम मानी जा रही है।

# विधान परिषद चुनावों में जीत के लिए भाजपा ने बनाई रणनीति




अथाह संवाददाता

**गाजियाबाद।** विधान परिषद की स्नातक एवं शिक्षक सीटों के लिए होने वाले चुनावों के लिए भारतीय जनता पार्टी ने अपनी तैयारियां तेज कर दी है। इसके लिए भाजपा महानगर ने बैठक कर अपनी रणनीति बनाई।

आरकेजीआईटी कालेज के सभागार में महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा की अध्यक्षता में हुई बैठक में पार्टी के महानगर क्षेत्र में रहने वाले सभी प्रमुख पदाधिकारी उपस्थित थे। इस बैठक में मुख्य रूप से इस बात पर चर्चा की गई कि किस प्रकार मतदान प्रतिशत को बढ़ाया जाये। इसके लिए रणनीति बनाई भी गई। बैठक में कहा गया कि भाजपा इस चुनाव में विजयी हो रही है, जरुरत इस बात की है कि अधिकांश मत डलवा दिये जायें। इसके लिए सभी कार्यकर्ता प्रयास करें। इस मौके पर सभी वरिष्ठ नेताओं ने कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों का मार्ग दर्शन किया। बैठक में मुख्य रूप से विधायक सुनील शर्मा, महापौर आशा शर्मा, पूर्व महापौर आशु वर्मा, क्षेत्रीय महामंत्री अशोक मोंगा, दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री बलदेव राज शर्मा, किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजा वर्मा, पवन गोयल, चंद्र मोहन शर्मा, पृथ्वी सिंह, राजेंद्र त्यागी, पप्पू पहलवान, अश्वनी शर्मा समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

**मंत्रणा**

- मतदान बढ़ाने को लेकर कार्यकर्ताओं को दिये निर्देश

# बाइडन जीत के और करीब, डोनाल्ड ट्रंप की व्हाइट हाउस से दूरी बढ़ी

**नई दिल्ली।** अमेरिका में मतदान के दो दिन बाद भी राष्ट्रपति पद की तस्वीर साफ नहीं हो सकी है। मतगणना के बीच डेमोक्रेट उम्मीदवार जो बाइडन ने 264 निर्वाचक मंडल मतों के साथ निर्णायक बढ़त बना ली है। वहीं, मौजूदा राष्ट्रपति और रिपब्लिकन उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप 214 मतों के साथ व्हाइट हाउस की दौड़ में पिछड़ते दिख रहे हैं। ट्रंप कानूनी लड़ाई के फैसले पर आगे बढ़ गए हैं। दूसरी ओर, उनके समर्थक धांधली का आरोप लगाते हुए कई राज्यों में मतगणना केंद्रों के बाहर जुट गए हैं। समर्थकों ने कई जगह हंगामा और प्रदर्शन किया। वहीं डोनाल्ड ट्रंप उत्तरी कैरोलिना में आगे चल रहे हैं जबकि नेवादा और एरिजोना में बाइडन बढ़त बनाए हुए हैं।

अमेरिकी चुनाव के नतीजों को लेकर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अनुराग श्रीवास्तव ने कहा, हमें भी चुनाव परिणामों का इंतजार है। भारत और अमेरिका का संबंध मजबूत नींव पर खड़ी हैं। हर संभव क्षेत्र में सहयोग शामिल हैं। व्यापक वैश्विक



रणनीतिक साझेदारी का अमेरिका में बहुत मजबूत द्विदलीय समर्थन है। दूसरी ओर, एरिजोना के 11 निर्वाचक मंडल मतों के साथ बाइडन 264 तक पहुंच गए हैं। ऐसे में वह 270 के जादुई नंबर से महज छह पायदान दूर हैं। वहीं, ट्रंप को दूसरी बार वापसी के लिए 56 मतों की जरूरत है। दूसरी ओर, निर्णायक राज्यों एरिजोना, नेवादा, नॉर्थ कैरोलिना और अलास्का में वोटों की गिनती जारी है। अमेरिकी राष्ट्रपति का ताज किसके सिर सजेगा यह मतदान के तीन दिन बाद तक तय नहीं हो सका। हालांकि डेमोक्रेट जो बाइडन जीत के और करीब पहुंच गए हैं। इधर, ट्रंप की व्हाइट हाउस दूरी बढ़ती जा रही है। शुक्रवार को वह 16 निर्वाचक मंडल मतों वाले जॉर्जिया में भी बाइडन से 1,097 मत पीछे हो गए।

# एसएसपी के आदेश पर पार्षद सहित आठ के खिलाफ मुकदमा दर्ज

अथाह संवाददाता

**गाजियाबाद।** बीते शनिवार को प्रताप विहार क्षेत्र में साइड पर निरीक्षण करने के दौरान वार्ड 48 के सपा पार्षद आसिफ चौधरी व कुछ अन्य लोगों के द्वारा जीडीए अवर अभियंता व सुपरवाइजर के साथ किए गए दुर्व्यवहार के मामले को जीडीए वीसी कंचन वर्मा ने गंभीरता से लिया और एसएसपी से मुकदमा दर्ज करने की बात की। एसएसपी के आदेश पर विजय नगर थाने में जीडीए प्रवर्तन जोन-4 के जेई रमेशचंद्र की शिकायत पर पार्षद आसिफ अली, फुरकान मलिक, हैदर अली और राजकुमार समेत 8 लोगों के खिलाफ मारपीट, धमकी व एससी-एसटी एक्ट के तहत केस दर्ज कराया है। जेई का आरोप है कि गत 31 अक्टूबर को एक भवन निर्माण का निरीक्षण करने के दौरान उक्त लोगों ने मकान मालिक से एक लाख रुपये दिलाने का दबाव डाला। विरोध करने पर उक्त लोगों ने उनके व उनके सहकर्मी मजबूत सिंह से मारपीट की। जेई की सूचना पर जीडीए वीसी ने एसएसपी कलानिधि नैथानी से बात की। एसएसपी के आदेश पर विजयनगर पुलिस ने केस दर्ज किया। मामले की जांच सीओ प्रथम अभय कुमार मिश्र द्वारा की जा रही है।जेई रमेश चंद्र का कहना है कि गत 31 अक्टूबर की दोपहर करीब 3 बजे वह सेक्टर-11 प्रताप विहार में हो रहे निर्माण का निरीक्षण करने गए थे। निर्माण का मिलान स्वीकृत मानचित्र से करते समय वहां पार्षद आसिफ चौधरी, फुरकान मलिक, हैदर अली, राजकुमार व 4 अन्य लोग आ गए और उनके साथ गाली-गलौच शुरू कर दी। जेई का आरोप है कि उक्त सभी लोगों ने कहा कि भवन मालिक से या तो एक लाख रुपये दिला दो, नहीं तो वह उसे निर्माण कार्य नहीं करने देंगे। आरोपियों से डरकर वह वहां से चले गए। जेई का कहना है कि दोपहर करीब साढ़े 3 बजे उनके पास पार्षद आसिफ चौधरी का फोन आया। उसने उनसे कहा कि वह उनकी कार के पास खड़ा है, वह वहां आ जाएं। जेई के मुताबिक वह सहकर्मी मजबूत सिंह के साथ बाइक से गाड़ी के पास गए तो वहां खड़े आसिफ ने लात मारकर बाइक गिरा दी, जिससे मजबूत सिंह जमीन पर गिर पड़ा। इसके बाद आसिफ व उसके साथियों ने उनसे मारपीट शुरू कर दी।

> सीओ प्रथम अभय कुमार मिश्र का कहना है कि जेई की तहरीर पर केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

नवंबर अलर्टः स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ मिलकर बनाई जाएगी रणनीति

# दिल्ली में कोरोना के मामले बढ़ने से चौकन्ना हुआ गाजियाबाद

अथाह संवाददाता

**गाजियाबाद।** जिला प्रशासन, स्थानीय जन प्रतिनिधियों पार्षदों और सभासदों के साथ बैठकें करके कोविड-19 से निपटने के लिए योजना बनाकर उस पर काम करेगा। दिल्ली में मामले बढ़ रहे हैं। ऐसे में गाजियाबाद को सतर्क होना जरूरी है। कार्य योजना तैयार कर टेस्टिंग, संपर्क ट्रेसिंग, निगरानी और जागरूकता पर जोर दिया जाएगा।

यह बातें जिलाधिकारी डा. अजय शंकर पांडेय ने त्यौहारी सीजन और दिल्ली में लगातार बढ़ रहे मामलों पर गाजियाबाद प्रशासन की तैयारी के सवाल पर कहीं। उन्होंने बताया कि खोड़ा, वैशाली और लोनी जैसे क्षेत्र जो दिल्ली से बिल्कुल सटे हुए हैं, उनमें सेक्टर व्यवस्था लागू की गई थी और



उसके परिणाम भी अच्छे रहे थे। मामले बढ़ने पर अलग-अलग क्षेत्रों में सेक्टर व्यवस्था लागू करने पर भी विचार किया जाएगा।

सर्विलांस में लगी टीमों को सक्रिय किया गया है। इसके साथ ही व्यापारियों और औद्योगिक क्षेत्र में काम कर रही संस्थाओं को कोविड-19 के प्रति लगातार जागरूकता अभियान चलाने के लिए कहा गया है। खासकर त्यौहारी सीजन में जागरूकता का बड़ा योगदान हो सकता है। दरअसल त्यौहारों के मौके पर लोग बाजार जाते हैं और साथ ही मिलने के लिए एक-दूसरे के घर भी जाते हैं। ऐसे में अतिरिक्त सावधानी बरतने की जरूरत है। पब्लिक एड्रेस सिस्टम के जरिए बाजारों में मॉस्क लगाने और शारीरिक दूरी का पालन करने के लिए लगातार एनाउंसमेंट के निर्देश दिए गए हैं। इसके लिए व्यापारिक और औद्योगिक संगठनों का सहयोग मांगा गया है और साथ ही सभी सरकारी वाहनों पर पब्लिक एड्रेस सिस्टम लगाने के निर्देश दिए गए हैं। स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के मुताबिक गाजियाबाद में मार्च से अक्टूबर तक छह क्षेत्रों इंदिरापुरम, वैशाली, वसुंधरा, राज नगर, कवि नगर और साहिबाबाद (जिसमें राज बाग, शालीमार गार्डन, राजेंद्र नगर और लाजपत नगर जैसे इलाके शामिल हैं) से ही कोविड-19 के 49 फीसदी से अधिक मामले सामने आए हैं। केवल अक्टूबर माह की बात करें तो इन छह क्षेत्रों की संक्रमण में हिस्सेदारी काफी ज्यादा है। आंकड़ों के मुताबिक अक्टूबर माह में इन छह क्षेत्रों से 57.81 फीसदी मामले आए। किसी एक क्षेत्र की बात करें तो आठ माह के दौरान इंदिरापुरम से सबसे ज्यादा 2123 मामले आए। कविनगर और राजनगर को छोड़कर बाकी चारों क्षेत्र हैं जहां से अधिकतर लोग काम के सिलसिले में रोजाना दिल्ली आते और जाते हैं। इसलिए दिल्ली में मामले बढ़ने से गाजियाबाद का सतर्क होना जरूरी है। डीएम ने कहा कि इसी बात के मद्देनजर नवंबर अलर्ट की कार्ययोजना तैयार की गई है और लगातार उसे व्यवहार में लाने का प्रयास किया जा रहा है।स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के मुताबिक जिले में 31 अक्टूबर तक लगभग 18,713 कोविड-19 के मामले थे और इनमें से 1,000 मामले इन्हीं छह क्षेत्रों से ही ताल्लुक रखने वाले थे। इन क्षेत्रों में ज्यादा मामले सामने आने का एक आधार आबादी भी है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. एनके गुप्ता ने कहा कि हम इन क्षेत्रों में लगभग 70-75 फीसदी परीक्षण भी कर रहे हैं।

**कार्यक्रम**

- जनपद में आधे मामले शहर के केवल छह क्षेत्रों से, चार क्षेत्र दिल्ली से संपर्क वाले

# सरधना कम्पोजिट विद्यालय में रिजल्ट वितरित



अथाह संवाददाता

**सरधना (मेरठ)।** मिशन प्रेरणा के अंतर्गत सरधना कम्पोजिट विद्यालय में बालिका सुरक्षा एवं संरक्षा कार्यक्रम व रिजल्ट वितरण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय की ई.अ. दरख़्शा एवं मुख्यातिथि नगर चेयरपर्सन सबीला अंसारी सभासद आश्मीन द्वारा अभिभावकों को मिशन प्रेरणा के अंतर्गत महिला व बालिकाओं को को जागरूक किया गया। अभिभावकों को रिजल्ट वितरित किए गए। चेयरपर्सन सबीला अंसारी व सभासद के सामने विद्यालय की समस्याओं का निस्तारण किया गया। जिसमें विद्यालय के समस्त स्टाफ ने सहयोग दिया। ए आर पी बबीता मलिक व शालिनी का विशेष सहयोग रहा।

होटल पार्टनर पर बेटी की हत्या का आरोप

# न्याय के लिए एसएसपी से लगाई गुहार

## होटल पार्टनर सहित दो अन्य के खिलाफ रेप व साजिशन हत्या का आरोप

अथाह संवाददता

**गाजियाबाद।** सिहानी गेट थाना क्षेत्र के हरबंस नगर घूकना की रहने वाली पूनम राघव पत्नी स्वर्गीय राकेश ने अपनी बेटी के होटल पार्टनर सहित दो अन्य के खिलाफ रेप व साजिशन हत्या का आरोप लगाते हुए एसएसपी से न्याय की गुहार लगाई है। इससे पहले पूनम राघव पुलिस से शिकायत कर चुकी है लेकिन कोई कार्रवाई ना होने पर एसएसपी का दरवाजा खटखटाया है। एसएसपी को दी शिकायत में पूनम



राघव ने बताया कि उनकी बड़ी बेटी शालू राघव शक्ति खंड 3 इंदिरापुरम में एक होटल में कपिल कुमार पुत्र राजेश कुमार निवासी गिगहोर बाल सागर पब्लिक स्कूल सेक्टर 53 नोएडा के साथ पार्टनर थी, उन्होंने बताया कि एग्रीमेंट कपिल के नाम पर था। बिजनेस चलाने

## 29 अक्टूबर की सुबह उनकी बेटी रोज की भांति गई थी ऑफिस

हेतु शालू राघव की आपसी सहमत थी। उन्होंने बताया कि 29 अक्टूबर की सुबह उनकी बेटी रोज की भांति ऑफिस गई थी। सुबह करीब 11:30 बजे उसने बेटी को फोन किया लेकिन फोन पर होटल के नौकर ने बताया कि शालू के पेट में दर्द है। उसकी हालत खराब है आप जल्दी आ जाओ। खबर मिलते ही वह होटल पहुंची और बेटी को इंदिरापुरम के एक अस्पताल ले गई लेकिन वहां उसे भर्ती नहीं किया। बाद में हेल्थ केयर अस्पताल में भर्ती कराया हालत बिगड़ने पर जीटीबी अस्पताल रेफर कर दिया वह बेटी को लेकर अस्पताल जा रही थी रास्ते में शालू ने बताया कि मोहित पुंडीर और कपिल दोनों ने उसके साथ दुष्कर्म किया और जबरन कुछ खिला दिया जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। पूनम का कहना है कि बेटी की हिफाजत के लिए चुप रही और जी टीवी अस्पताल पहुंची लेकिन वहां भी भर्ती नहीं किया गया बाद में हार्ड केयर अस्पताल दिल्ली लेकर गई जहां चिकित्सकों ने बेटी को मृत घोषित कर दिया।

उन्होंने बताया कि शालू का मोबाइल फोन मोहित और कपिल के पास है जिसमें मोहित व कपिल के विरुद्ध पुख्ता सबूत है।

> “ **न्याय के लिए गुहार...**
> अवधेश ने सौ नंबर पर कॉल कर पुलिस को बुलाया और सभी कागजात दिखाएं तभी से वह न्याय की गुहार लगा रही है लेकिन आरोपी मोबाइल बंद कर फरार है। उन्होंने मोहित पुंडीर राणा कपिल कुमार व राजा के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। जिससे शालू की मौत की असली वजह सामने आ सके।

### बेटी के साथ किया दुष्कर्म: मां

मृतका की मां ने बताया कि उनका देवर अवधेश अपनी भतीजी के साथ होटल पहुंचे तो वहां एक बैग में शालू द्वारा मोहित पुंडीर राणा के विरुद्ध सेक्टर 58 नोएडा में 376 के मुकदमे की एफ आई आर मिली तथा 26 मई 2020 का एक शपथ पत्र भी मिला ।इससे स्पष्ट होता है कि मोहित शालू से रंजिश रखता था और बदला लेने की नीयत से कपिल के साथ मिलकर बेटी के साथ दुष्कर्म कर उसे मार दिया।

## वीडियो वायरल प्रकरण में सपा नेता सहित छह पर एफआईआर

**अमरोहा (अ.सं.)।** गजरौला में इंटरनेट मीडिया पर वायरल हुई युवती की वीडियो के मामले में पुलिस ने सपा नेता एवं क्लीनिक चालक सहित छह लोगों पर दुष्कर्म, लूटपाट, जान से मारने की धमकी, मारपीट व गाली-गलौंच की धाराओं में एफआईआर दर्ज कर ली है। हालांकि अभी किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। बता दें कि गुरुवार को एक युवती ने इंटरनेट मीडिया पर अपना एक वीडियो वायरल किया था। जिसमें वह एक सपा नेता एवं क्लीनिक चालक जाफिर पुत्र शाहहसन निवासी गांव डयोटी पर दो साल तक शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का आरोप लगा रही थी। वही इंसाफ न मिलने पर आत्महत्या करने की भी धमकी दे रही थी। वीडियो में वह आरोपी के स्वजनों पर शादी नहीं करवाने का आरोप लगा रही थी। वहीं शाम के समय वह इस मामले की शिकायत करने थाने आ रही थी। कि आरोपी सपा नेता जाफिर ने उसे रास्ते में रोककर जान से मारने की धमकी देते हुए स्कूटी छीन ली और फरार हो गया। शुक्रवार की सुबह थाने पहुंची युवती ने पुलिस को पूरे प्रकरण के बारे में बताते हुए तहरीर दे दी।

**फास्ट ट्रैक**

## ट्रेन की चपेट में आने से व्यक्ति की मौत

**गढ़मुक्तेश्वर (अ.सं.)।** गढ़ कोतवाली क्षेत्र के रामकुमार पुत्र बनवारी लाल की ट्रेन की चपेट में आकर मौत हो गई आसपास के लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा परिवार के लोगों ने जानकारी देते हुए बताया सड़क के किनारे मुड़े की दुकान चलाता था जो काफी दिन से बीमार चल रहा था गढ़ कोतवाली प्रभारी मुकेश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया मृतक का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

## चौकी इंचार्ज व दरोगा सम्मानित

**हापुड़ (अ.सं.)।** अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा रा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महेश चंद शर्मा मंडल अध्यक्ष विजेंद्र शर्मा कोषाध्यक्ष सुनील शर्मा इकाई अध्यक्ष तुलाराम शर्मा हरिओम शर्मा मनोज कंसल विनोद शर्मा आदि के द्वारा थाना बाबूगढ़ क्षेत्र के मुदाफ्रा चौकी इंचार्ज आशीष कुमार व वरिष्ठ उप निरीक्षक ओमपाल पवार को कोरोना वायरस काल में धैर्य कर्तव्य के साथ अपनी ड्यूटी करना और क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए व लोगों में सद्भावना फैलाने के लिए सम्मानित पत्र और अंग वस्त्र देकर सम्मानित किए इस अवसर पर दर्जनों लोग मौजूद रहे।

## आग में झुलसे युवक ने उपचार के दौरान तोड़ा दम



**अमरोहा (अ.सं.)।** हसनपुर में 6 दिन पूर्व पेंट गोदाम में लगी आग से झुलसे युवक ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया है। नगर के रहरा अड्डा निवासी मोनू सैनी 18 वर्ष सेंट गोदाम में काम करता था। 6 दिन पूर्व हुए अग्निकांड में वह बुरी तरह झुलस गया उसे प्राथमिक उपचार के बाद मुरादाबाद के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। शुक्रवार की सुबह करीब 4:00 बजे हालत बिगड़ने पर मुरादाबाद से दिल्ली के लिए ले जा रहा थे। हापुड़ के पास उसने दम तोड़ दिया मोनू कुमार सैनी की मौत की खबर मिलने पर परिवार में कोहराम मच गया मां जय वंती रोते-रोते बुरा हाल है।

# महिला कांग्रेस ने आग से प्रभावित लोगों को वितरित किए कपड़े



अथाह संवाददाता

**साहिबाबाद।** लोनी व भोपुरा क्षेत्र में आग से प्रभावित लोगों का हाल-चाल जाने महिला कांग्रेस के कार्यकर्ता पहुंचे। जहां बच्चों में महिलाओं को कपड़े वितरित किए।

गाजियाबाद महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष ममता सिंह के नेतृत्व में आप से प्रभावित लोगों का हाल जाना या लोगों ने हमें बताया था अग्नि काल में दिल्ली झुग्गी वालों के समस्त झुग्गियों के साथ राशन कपड़े सोने के बिस्तर में अन्य समान बिगड़ गया अब उनके पास कुछ भी नहीं है।

कांग्रेस महिला जिला अध्यक्ष ममता सिंह ने महिला और बच्चों के कपड़े मंगा कर उनको वितरित किए ताकि वे तन ढकने के लिए मजबूर ना रहे इस दौरान उनके साथ श्रुति व अन्य महिला कार्यकर्ता मौजूद रही।

## युवती की तलाश में रात भर दौड़ी पुलिस

**गजरौला (अ.सं.)।** क्लीनिक संचालक पर शादी का झांसा देकर दो साल तक दुष्कर्म करने का आरोप लगाते हुए इंसाफ न मिलने पर आत्महत्या की बात कहने वाली युवती की तलाश में पुलिस रात भर दौड़ती रही ।लेकिन, युवती ने पुलिस को अपना सही पता नहीं बताया और ना ही थाने में पहुंचकर मामले की तहरीर दी। एंटी रोमियो टीम प्रभारी श्वेता त्यागी व प्रभारी निरीक्षक आरपी शर्मा से कई बार फोर संपर्क भी हुआ। लेकिन, पुलिस को गुमराह करती रही। हालांकि शुक्रवार की सुबह युवती थाने पहुँच गई।

# 45 हजार रुपये के लिए मासूम का अपहरण करने वाला आरोपी दबोचा

**अपराधी काबू**

- पुलिस ने मासूम को भी किया बरामद, मुकदमा किया दर्ज
- आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर चालान कर दिया



अथाह संवाददाता

**अमरोहा।** गजरौला में 45 हजार रुपये लेने के लिए एक युवक ने अपनी मुंह बोली बहन के 5 वर्षीय पुत्र का अपहरण कर लिया। जानकारी मिलते ही हरकत में आई पुलिस ने आरोपी को सम्भल से गिरफ्तार करते हुए मासूम बच्चे को भी बरामद कर लिया है। आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर चालान कर दिया गया।

मामला गुरुवार की शाम का है। जिला संभल के थाना हयातनगर क्षेत्र के गांव बबेना स्थित मस्जिद में रहने वाला युवक इस्तेकार नगर के मोहल्ला नाईपुरा निवासी शारिक के घर पर रहने लगा था। शारिक की पत्नी को वह मुंह बोली बहन कहता था। आरोप है। कि शारिक ने इस्तेकार के 45 हजार रुपये लिए थे। वह पैसे देने के लिए तैयार नहीं था। इस बात से क्षुब्ध होकर इस्तेकार शारिक के पांच वर्षीय पुत्र इबरान को चीज दिलाने का लालच देकर अपहरण करते हुए ले गया।

इसकी जानकारी बालक से स्वजनों को हुई तो वह पुलिस के पास पहुंचे और जानकारी दी। हरकत में आई पुलिस ने आरोपी के नंबर को सर्विलांस पर लगवा दिया। इसके बाद जानकारी मिलते ही पुलिस ने आरोपी को सम्भल के थाना हयातनगर क्षेत्र के गांव बबेना से गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से बालक भी बरामद हो गया है। इसके बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर चालान कर दिया।

प्रभारी निरीक्षक आरके शर्मा ने बताया कि उधार के 45 हजार रुपये लेने के लिए मासूम का अपहरण किया था। आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर चालान कर दिया गया है।

# दीवाली से पहले कंपनी ने श्रमिकों को निकाला



अथाह संवाददाता

**साहिबाबाद।** साइट 4 औद्योगिक क्षेत्र 4 साहिबाबाद स्थित भारत सरकार के उपक्रम सीईएल कंपनी के प्रबंधकों ने दीवाली से पहले पिछले 10 से 20 वर्ष से काम कर रहे करीब दो दर्जन सफाई कर्मचारियों को काम से बेदखल कर दिया है। काम की बेदखली से समाज के सबसे निचले स्तर के श्रमिक भुखमरी की समस्या से गुजर रहे हैं। सभी महिला और पुरुष श्रमिक कंपनी में अपनी सेवा बहाली के लिये 4दिन से धरना दे रहे हैं।

जानकारी के अनुसार भारत सरकार की कंपनी सेंट्रल इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड में बीते करीब 20 वर्ष से करीब 24 महिला और पुरुष कर्मचारी सफाई आदि का काम करते थे। आरोप है कि कंपनी प्रबंधकों ने उन्हें दीपावली से पहले काम से बेदखल कर भूखा मरने के लिए छोड़ दिया है। इस संबंध में आंदोलनकारी श्रमिक दीपक ने बताया कि वह अभी तक एनके शर्मा नाम के एक ठेकेदार के आधीन काम कर रहे थे तथा उन्हें 14 हजार 200 मासिक मेहनताना दिया जाता था, लेकिन कंपनी के प्रबंधकों ने ठेकेदार एनके शर्मा की सेवाएं समाप्त कर किसी नए व्यक्ति को सफाई का ठेका दे दिया, इसलिए कंपनी के प्रबंधकों ने उनकी सेवाएं समाप्त कर भूखा मरने के लिए छोड़ दिया है।

कंपनी के से निकाले गए कर्मचारियों में दीपक, शिवकुमार, अनिल, करण, सतवीर, सरोज, कल्पना, विशाल तथा सोमपाल आदि हैं।

# लघु उद्यमियों की समस्याओं का निस्तारण कवच के रूप में करेगा लघु उद्योग भारती: भाटिया

अथाह संवाददाता

**सहारनपुर।** लघु उद्योग भारती के प्रदेश अध्यक्ष जनकराज भाटिया ने कहा कि लघु उद्यमियों की समस्याओ का निस्तारण कर संगठन उनके कवच के रूप में कार्य करेगा और जनपद को निर्यात के क्षेत्र में प्रथम स्थान पर लाने में सहयोग होगा।



> लघु उद्योग को बचाने व बढ़ाने में ऐसे केन्द्रीय संगठन की आवश्यकता है

जनकराज भाटिया दिल्ली रोड स्थित एक होटल के सभागार में लघु उद्योग भारती द्वारा आयोजित दीपोत्सव कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने बताया कि लघु उद्योग भारती का गठन वर्ष 1994 में किया गया था। जिसमें यह महसूस किया गया था कि लघु उद्योग को बचाने व बढ़ाने में ऐसे केन्द्रीय संगठन की आवश्यकता है, जो इस कार्य को बेहतर रूप से कर सकें। इसी उद्देश्य को लेकर संगठन की स्थापना की गयी है। इस दौरान जनपद के उद्यमियों ने बताया कि जनपद में काष्ठ कला के पश्चात हौजरी उद्योग मुख्य है। इसको दूसरी ओडीपीओ के तहत शामिल किया जाये। इस दौरान सुधाकर अग्रवाल, अनुपम गुप्ता, सोम गोयल, विपिन सिंघल, दिनेश महेश्वरी, राजकमल, सचिन मैत्रेय, अंकित कंसल, प्रियांक अग्रवाल, सुनीत, नवीन सिंघल, मुकेश शर्मा, अमर गुप्ता, दीपक अग्रवाल, डॉ.अजय कुमार सिंह, राजेश गुप्ता, राजीव आनंद, विपिन गर्ग, वरूण अग्रवाल, संदीप अग्रवाल आदि ने भी अपने विचार रखे। इस दौरान अंकित कंसल ने कार्यक्रम का संचालन किया।

## नहीं होगा बिना माईन टैग लगे वाहनों से उपखनिज का परिवहन: डीएम

**गाजियाबाद (अ.सं.)।** डीएम अजय शंकर पांडे ने कहा कि शासन द्वारा उपखनिज बालू बजरी गिट्टी आदि के परिवहन करने वाले वाहनों में माइन टैग लगाना अनिवार्य कर दिया गया है। उन्होंने गाजियाबाद में उपखनिजों के परिवहन हेतु पंजीकृत वाहन स्वामियों को वाहनों में माइन टैग लगवाने के निर्देश दिए। बिना माईन टैग लगे वाहनों से उपखनिज का परिवहन किया जाना सम्भव नहीं हो पायेगा। माईन टैग सहज उपलब्ध कराने हेतु 10 नवम्बर को प्रातः 11 बजे से सायं 05 .बजे तक कार्यालय जिलाधिकारी, खनन अनुभाग कमरा सं 304, सेकिन्ड फ्लोर, कलेक्ट्रेट, राजनगर के परिसर में कैम्प का आयोजन किया गया है। सम्बंधित वाहन स्वामी उक्त कैम्प में उपस्थित होकर अपने पंजीकृत वाहन के लिये माईन टैग प्राप्त कर सकते है।

# अनु.जाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष से मिले अमित तिसावड

अथाह संवाददाता



**मोदीनगर।** भाजपा नेता एवं भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष अमित तिसावड नई दिल्ली में भाजपा केंद्रीय कार्यालय पर भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह आर्य से शिष्टाचार भेंट कर उनका स्वागत किया तथा गाजियाबाद के संगठन की बावत चर्चा की। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने उन्हें राजनीति का पाठ पढ़ाया और लोगों को संगठन में ज्यादा से ज्यादा जोड़ने की सलाह दी। उनके साथ भगवत प्रसाद मकवाना पूर्व मंत्री उत्तराखंड सरकार भी रहे।


## कार्यालय नगर पंचायत अमीनगर सराय, बागपत

### सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि स्वच्छ भारत मिशन की कार्य योजना के क्रियान्वयन हेतु नगर पंचायत अमीनगर सराय द्वारा नियमानुसार निर्धारित किया गया है।

| | | |
|---|---|---|
| Declaration of service level standands (FY-2016-17) | | |
| Water supply indication | | |
| bookmarks | Coverage of water supply connection 100% | |
| | Current (2019-20) 100% | Target (2020-21) 100% |
| Sewage Management (Sewarage and samotation) | | |
| Sewarage | No Sewarage | |
| Solid Waste Management Indicator | | |
| | House hold coverage of Solid Waste Management services | |
| | 100% | |
| | Current (2019-20) 80% | Target (2020-21)90% |
| Drainage Indicators | | |
| Clearing of Drainage | Current 100% | Target 1005 |
| CTPT Indcators | | |
| Clearing of CT PT | Current 100% | Target 100% |

अभिनव श्रीवास्तव
(अधिशासी अधिकारी)
न.पं. अमीनगर सराय, बागपत

मांगेराम यादव
अध्यक्ष
न.पं. अमीनगर सराय, बागपत


जाति प्रमाण पत्र बनाने के नाम पर

# रिश्वत मांगने वाले लेखपाल के खिलाफ प्रदर्शन

> मोदीनगर तहसील के भ्रष्टाचार को देखकर तो ऐसा लगता है कि प्रदेश मे पहले से अधिक भ्रष्टाचार बढ गया है



अथाह संवाददाता

**मोदीनगर।** गांव रोरी के ग्रामवासियों ने मोदीनगर तहसील परिसर में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ नारेबाजी व प्रदर्शन किया और उपजिलाधिकारी को लेखपाल मनोज द्वारा जाति प्रमाणपत्र बनाने के नाम पर रिश्वत मागे जाने की लिखित शिकायत दी। बाबा परमेन्द्र आर्य का कहना है कि हल्का लेखापाल जाति प्रमाणपत्र पर अपनी रिपोर्ट लगाने की एवज में हजारो की रिश्वत मांगी जाती है। जो रिश्वत दे देता है उसकी रिपोर्ट लगा दी जाती है। जो रिश्वत नही देता है उसकी सही रिपोर्ट नही लगाई जाती है। जिस कारण उसका जाति प्रमाणपत्र नही बन पाता है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार व सभी प्रदेश सरकारो के स्कूल कालिजों में प्रवेश करने व सभी सरकारी नौकरियों व चुनाव लडने के लिए जाति प्रमाणपत्र की आवश्यकता होती है। यदि तहसील प्रशासन द्वारा बिना रिश्वत लिए जरूरतमन्दो के जाति प्रमाणपत्र नही बनवाये गये तो सभी क्षेत्रवासियों के साथ मिलकर तहसील परिसर में धरना प्रदर्शन किया जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रति दिन टेलीविजन पर भ्रष्टाचार मुक्त प्रदेश बनाने की बात कहते है। लेकिन मोदीनगर तहसील के भ्रष्टाचार को देखकर तो ऐसा लगता है कि प्रदेश मे पहले से अधिक भ्रष्टाचार बढ गया है। मुख्यमंत्री के भ्रष्टाचार मुक्त प्रदेश बनाने के सहयोग में मोदीनगर के भ्रष्टाचारी रिश्वतखोर अधिकारियों व कर्मचारियों के नाम मुख्यमंत्री कार्यालय को भेजे जायेंगे ताकि मुख्यमंत्री इनकी सम्पत्ति व कार्यों की जांच सक्षम एजेंसियों से करा सके। प्रदर्शन करने वालो में राम नरायण आर्य, रामकुमार, कल्याण चौधरी, मनोज बजरंगी, सतेन्द्र पंवार, विक्रांत आर्य, सुमित, संदीप ओमवीर, आदि उपस्थित रहे।

## फास्ट ट्रैक

### सोनू गुर्जर हत्याकांड के खुलासे की मांग

**फलावदा (अ.सं.)।** सोनू गुर्जर हत्याकांड के मामले में शुक्रवार को सपा नेता अतुल प्रधान के नेतृत्व में मेरठ आईजी को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि सोनू गुर्जर की चार दिन पूर्व अज्ञात बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। इस संबंध में थाना फलावदा में पीड़ित परिजनों द्वारा अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराया गया था। लेकिन घटना के चार दिन बीतने के बाद भी पुलिस आज तक घटना का खुलासा नहीं कर सकी।उन्हें अपनी जान का खतरा है की कहीं बदमाश उनकी हत्या ना कर दे। इसलिए फलावदा पुलिस को आदेशित कर जल्द से जल्द घटना का खुलासा किया जाए। जानकारी के अनुसार चार दिन पूर्व सोनू गुज्जर की स्कूटी सवार हमलावरों ने गैस एजेंसी पिलोना गांव के समीप गोली मारकर हत्या कर दी।जब वह अपने गांव सकोती से मवाना कोचिंग सेंटर पर जा रहा था। सोनू की हत्या से गुस्साए ग्रामीणों ने फलावदा मवाना मार्ग पर जाम लगाकर घटना के खुलासे की मांग की है।

## जिला उद्योग केंद्र खादी ग्रामोद्योग बोर्ड की समीक्षा बैठक में डीएम ने दिखाए तेवर

# बेवजह आवेदन निरस्त करने वाले बैंकों के खिलाफ होगी एफआईआर

- 431 आवेदन पत्र प्रेषित किए गए, जिसमें 271 आवेदन पत्र बैंक शाखाओं द्वारा निरस्त किए गए
- बड़ी संख्या मैं आवेदन निरस्त किए जाने पर डीएम ने नाराजगी जताई

**अथाह संवाददाता**



गाजियाबाद। जिलाधिकारी शंकर पांडेय द्वारा जिला उद्योग केंद्र खादी ग्रामोद्योग बोर्ड तथा एनआरएलएम द्वारा संचालित स्वरोजगार योजनाओं कीउ समीक्षा महात्मा गांधी सभागार, कलेक्ट्रेट में की गई। प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम योजना अंतर्गत कुल 431 आवेदन पत्र प्रेषित किए गए, जिसमें 271 आवेदन पत्र बैंक शाखाओं द्वारा निरस्त किए गए। इतनी बड़ी संख्या मैं आवेदन निरस्त किए जाने पर डीएम ने नाराजगी जताई तथा निरस्त आवेदनों कि दोबारा जांच कराने के निर्देश दिए।

इसके उपरांत निरस्त आवेदन पत्रों की जांच जिला स्तर पर गठित समिति द्वारा की जाएगी एवं यदि आवेदन पत्र के निरस्तीकरण का कारण तर्कसंगत नहीं पाया गया तो संबंधित बैंक शाखा प्रबंधक के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना की समीक्षा में यह पाया गया कि 254 आवेदन पत्र प्रेषण के सापेक्ष 118 आवेदन पत्र निरस्त किए गए। कुल स्वीकृत 55 आवेदन पत्रों के सापेक्ष मात्र 26 लाभार्थियों को ऋण वितरित किया गया है।

> **बैठक में...** मुख्य विकास अधिकारी, अस्मिता लाल ,संयुक्त आयुक्त उद्योग , बीरेंद्र कुमार, खादी ग्रामोद्योग अधिकारी संजय श्रीवास्तव, जिला समन्वयक , एन आर एल एम, अग्रणी जिला प्रबंधक सहित सभी बैंकों के जिला समन्वयक उपस्थित रहे।

**आज फिर होगी बैठक :** रोजगार सृजन कार्यक्रम योजना तथा मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना में भी प्रगति संतोषजनक नहीं है। जिलाधिकारी द्वारा सभी बैंकों के जिला समन्वयक तथा लीड बैंक प्रबंधक एसपी यादव को निर्देश दिए गए कि दिनांक 7 नवंबर प्रातः 11: बजे पुनः योजनाओं की समीक्षा की जाएगी। इसके उपरांत भी यदि कोई शाखा प्रबंधक ऋण वितरण नहीं करते हैं तो उनके विरुद्ध केस बनाकर एफ आई आर हेतु प्रस्तुत किया जाए।

## मिशन शक्ति के तहत

# बालिकाओं को सुरक्षा सम्मान के प्रति किया जागरूक



**अथाह संवाददाता**

**मोदीनगर।** प्रदेश में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के लिए 15 नवंबर तक चलाए जाने वाले 'मिशन शक्ति' के रूप में संचालित विशेष अभियान 'मिशन शक्ति' कार्यक्रम में डॉक्टर के. एन. मोदी साइंस एंड कॉमर्स कॉलेज मोदीनगर में विद्यालय में बने 'शक्ति मंच' के माध्यम से महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा सम्मान एवं स्वावलंबन विषयक मुद्दों पर जागरूकता हेतु परिचर्चा का आयोजन किया गया।

परिचर्चा के दौरान महिलाओं, बालिकाओं व बच्चों की सहभागिता एवं सुरक्षा एवं महिला अपराध संबंधी कानूनों पर चर्चा की गई।

इस अवसर पर कालेज प्रधानाचार्य सतीश चंद्र अग्रवाल, एनसीसी अधिकारी प्रवीण जैनर , शरद बाजपेयी, परिचर्चा की कोऑर्डिनेटर डॉ सुभागी शर्मा के अतिरिक्त विद्यालय की शिक्षिकाए सीमा सिंह, अदिता त्यागी, भावना सिंह, नीतू सिंह, पूनम शाही, शिवानी बागोरिया, नीता शर्मा, रेखा रानी, कामिनी, सुनीता गुप्ता एवं छात्राएं लक्ष्मी, तान्या, खुशबू, डोली, शैलजा, आदि उपस्थित रहे।

# लोनी में प्रदूषण फैलाने वाली 6 इकाइयां ध्वस्त



**सख्ती**

- भारी मात्रा में पटाखे बनाने का कच्चा माल बरामद

**अथाह संवाददाता**

**गाजियाबाद।** ई पी सी ए के निर्देश पर ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान जीआरएपी के तहत बढ़ते वायु प्रदूषण के मद्देनजर प्रदूषण कारी गतिविधियों के विरुद्ध जिला अधिकारी के निर्देश पर गठित की टीम ने उपजिलाधिकारी लोनी व एएसपी तहसीलदार प्रकाश सिंह देवेंद्र कुमार मिश्र की अध्यक्षता में उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड एवं राजस्व टीम ने शुक्रवार को फरुखनगर असलतपुर का गहन सर्वेक्षण किया ।निरीक्षण के दौरान अवैध रूप से संचालित ई वेस्ट गलाने वाली उद्योगों का ध्वस्तीकरण किया गया। वहीं कमरों के अंदर 25 बोरों में भरे पटाखे बनाने के कच्चे माल को जमीन के अंदर दबा कर नष्ट किया गया। एसडीएम लोनी के मुताबिक जी आर ए पी के तहत वायु प्रदूषण कारी गतिविधियों के दृष्टिगत संयुक्त टीम द्वारा कार्यवाही की गई तथा भारी मात्रा में पटाखे पटाखे बनाने का बारूद जब्त कर नष्ट किया गया।

# कोलकाता के होटल में मिला लापता कारोबारी पराग घोष

**सफलता**

- पुलिस ने ली राहत की सांस



**अथाह संवाददाता**

**गाजियाबाद।** कार समेत संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हुए कारोबारी पराग घोष को पुलिस ने सकुशल बरामद कर लिया है।. वह 27 अक्टूबर को कार समेत लापता हो गए थे. पुलिस ने उनकी तलाश के लिए 5 से ज्यादा टीम गठित की थी. जिसमें 100 से अधिक पुलिसकर्मी शामिल थे. पुलिस ने सटीक जानकारी निकाल कर कोलकाता के एक होटल से कारोबारी को सकुशल बरामद कर लिया।

गाजियाबाद पुलिस के मुताबिक इस मामले की छानबीन के दौरान करीब 500 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई. जबकि 500 से अधिक कॉल डिटेल्स का विश्लेषण किया गया. तब जाकर कारोबारी पराग घोष की बरामदगी हो सकी. पुलिस के मुताबिक 27 अक्टूबर को ही सीसीटीवी कैमरा में पराग दिल्ली जाते हुए दिखाई दिया था।

इसके बाद वह 28 को दिल्ली में रहा और 29 अक्टूबर को पंजाब-हरियाणा होते हुए हिमाचल प्रदेश जा पहुंचा. 3 नवंबर को वो हिमाचल से दिल्ली होते हुए कोलकाता की तरफ रवाना हो गया. 5 नवंबर की दोपहर वह कोलकाता जा पहुंचा. इसके बाद रात में ही गाजियाबाद पुलिस की टीम फ्लाइट से कोलकाता रवाना हो गई. और शुक्रवार की सुबह करीब 6 बजे पराग घोष को सकुशल बरामद कर लिया. पूछताछ में पराग घोष ने बताया कि वह अपनी मर्जी से घर छोड़कर गया था. इसकी वजह उसकी खराब आर्थिक हालत थी। कारोबारी परागकोष के सकुशल मिलने पर पुलिस ने राहत की सांस ली है।

बताते चलें कि 27 अक्टूबर को राजनगर एक्सटेंशन की आशियाना पाम कोर्ट सोसायटी में रहने वाला कारोबारी पराग अपने घर से कार लेकर निकला था. लेकिन इसके बाद वह लौटकर अपने घर नहीं आया. कारोबारी की पत्नी ने थाना सिहानी गेट में उसके अचानक गायब होने की शिकायत दर्ज कराई थी. एफआईआर दर्ज करने के बाद पुलिस कारोबारी की तलाश में जुट गई थी।

# लव केयर फाउंडेशन ने गरीब बच्चों को किया भोजन वितरित



**अथाह संवाददाता**

**साहिबाबाद।** लव केयर फाउंडेशन द्वारा कौशांबी सेंट्रल पार्क में साहिबाबाद विधानसभा के विधायक सुनील शर्मा तथा पार्षद मनोज गोयल महानगर भाजपा में मंत्री धीरज शर्मा द्वारा दिवाली के पावन पर्व के उपलक्ष में गरीब बच्चों को भोजन वितरित किया गया। लगभग 500 बच्चों को यह भोजन दिया गया, फाउंडेशन के अध्यक्ष संजू दादु ने बताया कि त्योहारों का समय चल रहा है ऐसे में जहां दिवाली नजदीक है और गरीब बच्चों को अच्छा भोजन कराने के मकसद से लव केयर फाउंडेशन के सदस्यों ने भोजन वितरण का कार्यक्रम किया है क्योंकि भूखे को खाना खिलाने से बड़ा कोई पुण्य का काम नहीं होता और ऐसे में जब छोटे-छोटे बच्चों को उनका मनपसंद भोजन मिल जाए तो उनकी आनंद की अनुभूति चेहरे पर आई मुस्कुराहट से पता लग जाती है। इस अवसर पर रीमा मल्होत्रा, अनीता प्रसाद, कपिल पाल, जय कृष्ण मौजूद रहे ।

### डीजीपी तक पहुंचा वीडियो वायरल का मामला

गजरौला : औद्योगिक नगरी में युवती द्वारा वायरल की गई वीडियो का मामला डीजीपी कार्यालय तक पहुंच गया। रात से ही लखनऊ के पुलिस अधिकारी इस मामले की अपडेट लेते रहे। वहीं मामला सुर्खियों में आता देखकर स्थानीय पुलिस भी सतर्क रही। हालांकि बाद में जब युवती पुलिस को मिल गई और पूरी घटना के बारे में जानकारी कर ली।

**PUBLIC NOTICE**

This is notified to all concern, on behalf of my client, M/s Aadhar Housing Finance Ltd., having its Branch office at C- 53B, III Floor, Sharnam Plaza, RDC, Raj Nagar, Ghaziabad, is going to grant Home Loan for House purchase of residential plot(s) being developed at the land pertaining to Khasra no. 246 of Village Achheja, Pargana & Tehsil Dadri, Distt. Gautam Budh Nagar, U.P. having total Rakba of land 0.2170 hct. owned by Umesh Sharma s/o Lt. Rohtash from his respective share of land in Khasra no. 246 of Village Achheja, Pargana & Tehsil Dadri, Distt. Gautam Budh Nagar. Since, it has now become samlat Khasra with joint co-owners Lalit Sharma s/o Rohtash,Kamla w/o Lt. Rohtash, Chhabil Dass Sharma, Deepak Sharma both s/o Sunder, Roanak Sharma s/o Laxman alias Babli, Chanchal Sharma d/o Laxman alias Babli, Abhay Sharma Minor through guardian his mother Kavita Sharma, Kavita Sharma wife Lt. Laxman alias Babli, Mahender, Chhatar, Meghraj and Balli all s/o Likhichand, And Umesh Sharma s/o Lt. Rohtash is selling the above said land to any person out of his share only in the joint Khasra/land any body, Bank or Financial Institution or other authority having any claim, objection related to the above transaction and mortgage of said property with my client AHFL, he/she/ it may raise their objection with documentary proof thereof within 7 days from the date of publication of this advertisement with my client above or the below mentioned addressee, after completion of 7 days, no claim whatsoever will be entertained in this matter by my client.

**Date: 03.11.2019**
**Place: Ghaziabad**
**Sunil Bhatnagar Advocate, Shri Kartikeya Associates, Law firm, A-48, Lajpat Nagar, Sahibabad, Ghaziabad, M -9810243568**

# निशा प्रवीण बनी महिला सभा की महानगर अध्यक्ष



**अथाह संवाददाता**

**गाजियाबाद।** प्रगतिशील समाजवादी पार्टी लोहिया की एक बैठक नंदग्राम गाजियाबाद में आयोजित की गई। जिसमें जिलाध्यक्ष चौधरी प्रताप सिंह एवं लोहिया वाहिनी के जिलाध्यक्ष दीपक त्यागी ने संयुक्त रुप से महानगर अध्यक्ष महिला सभा के पद पर निशा प्रवीण को नियुक्ति पत्र देकर नियुक्त किया गया। जिसमें अनेकों महिलाओं ने प्रगतिशील समाजवादी पार्टी की सदस्यता ली। जिलाध्यक्ष चौधरी प्रताप सिंह ने कहा कि प्रगतिशील समाजवादी पार्टी से लोगों की आस्था बढ़ी है। उन्होंने कहा कि अन्य दलों से कार्यकर्ता टूटकर प्रसपा में शामिल हो रहे हैं। पार्टी में शामिल होने वालों का उन्होंने तहेदिल से आभार जताया तथा संगठन को मजबूत करने पर बल दिया।

### यातायात पुलिस ने छात्रों को बताए सड़क सुरक्षा के नियम

**हापुड़ (अ.सं.)।** कुचेसर रोड स्थित श्री हरिहर नाथ शास्त्री स्मारक इंटर कॉलेज उपैडा में एक कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसमें विजेंद्र पाठक यातायात अधिकारी ने सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत विद्यालय के छात्र-छात्राओं को यातायात के नियमों व ई चालान के बारे में अवगत कराया तथा विद्यालय के प्रधानाचार्य कुलदीप कुमार गर्ग यातायात अधिकारी विजेंद्र पाठक चौकी इंचार्ज राकेश कुमार ने दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने दुपहिया वाहन पर तीन सवारी नहीं बैठने कार चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग करने शराब पीकर वाहन नहीं चलाने व राष्ट्र निर्माण में सहयोग करने की शपथ दिलाई।

### अवैतनिक पीआरडी जवानों के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित

**सहारनपुर (अ.सं.)।** जनपद के प्रशिक्षित पीआरडी जवानों में से अवैतनिक पदाधिकारियों का चयन के लिए ब्लाक कमाण्डर, हवलदार मेजर एवं कम्पनी क्वार्टर मास्टर आदि हेतु इच्छुक प्रशिक्षित पीआरडी जवान निर्धारित प्रारूप के आवेदन कर सकते है। पीआरडी जवानों का चयन गठित समिति द्वारा किया जायेगा। जिला युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी विशाल कुमार ने आज यहां यह जानकारी दी। उन्होने कहा कि आवेदन पत्र 07 नवम्बर 2020 से प्राप्त कर 12 नवम्बर 2020 की सांय 05:00 बजे तक जिला युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग में जमा करा सकते हैं। निर्धारित अवधि के बाद प्राप्त आवेदन पत्रों पर कोई विचार नहीं किया जायेंगा।

# 9 नवम्बर को सादगी मगर उत्साह से मनाया जायेगा, कैप्टन सूरी का शहीदी दिवस

**अथाह संवाददाता**



**गाज़ियाबाद।** 9 नवम्बर को कारगिल युद्ध मे शहीद हुए, महावीर चक्र प्राप्त कैप्टन गुरजिन्दर सिंह सूरी का 21 वॉ शहीदी दिवस, कैप्टन सूरी पार्क, शास्त्री नगर, गाज़ियाबाद में प्रातः दस बजे से सादगी मगर श्रद्धा व उत्साह के साथ मनाया जायेगा। यह जानकारी देते हुए शहीद कैप्टन के पिता कर्नल टी पी सिंह सूरी ने बताया कि इस कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि ले. जन. जीएस चन्देल (रिटायर) होंगे व अध्यक्षता महापौर श्रीमती आशा शर्मा करेंगी । सेना व एन सी सी व पूर्व सैनिक संगठन व आर डब्ल्यू-ए के अन्य प्रमुख भी कार्यक्रम मे शामिल होंगे। कोविड-19 के चलते इस बार कार्यक्रम सादगी मगर उत्साह के साथ ही सरकारी दिशानिर्देशों का पालन करते हुए मनाया जायेगा। श्री सिंह ने सभी देश प्रेमी संगठनों के प्रतिनिधियों से कार्यक्रम मे शामिल होने की अपील भी की है।

## कार्यालय नगर पंचायत अमीनगर सराय, बागपत

पत्रांक मीमो/नं.पं.अ./ 2020-21 दिनांक : 04/11/2020

### आदेश

एतद् द्वारा उ.प्र. शासन नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग मंत्रालय के निर्देशानुसार निकाय के अंतर्गत समस्त शौचालयों में उच्च स्तरीय नागरिक हितेषी सेवायें, रख-रखाव एवं आवश्यक सुविधा नियमित रूप से कराने हेतू सर्विस लेविल बेंच मार्क निर्धारित किये गये हैं।

अतः समस्त शौचालयों में निकाय के नोडल अधिकारी, स्वच्छता प्रभारी एवं केयर टैकरों को निर्देशित किया जाता है कि निम्नानुसार सर्विस लेविल बेंच मार्क के अनुसार व्यवस्था कराये। निर्देशों का पालन नहीं किये जाने पर सम्बन्धित केयर टेकरों एवं स्वच्छता प्रभारी को दर्शित अर्थदण्ड के अनुसार दण्डित किया जायेगा।

| क्र.म | सेवा का प्रकार | मानक लक्ष्य | अर्थदण्ड की राशि |
|---|---|---|---|
| 1 | शौचालयों का खुलने का समय | 24 घंटे | 5/- |
| 2 | जल की उपलब्धता | 24 घंटे | 3/- |
| 3 | शौचालयों में प्रकाश एवं हवादानी | प्रत्येक सीट में प्राकृतिक एवं एल.ई.डी. लाईट से प्रकाश एवं हवादानी | 2/- |
| 4 | सेप्टिक टैंक/सिवरेज व्यवस्था | समस्त सीटों हेतु | 5/- |
| 5 | शिकायत निवारण की समय-सीमा | 24 घंटे | 3/- |
| 6 | शौचालय को ऑनलाईन मैप में खोजने हेतु या समकक्ष प्लेटफार्म में उपलब्धता एवं फीडबैक व्यवस्था | समस्त शौचालयों में | 5/- |
| 7 | दिव्यांग हितैषी सीट/बच्चों के सीट की उपलब्धता | प्रत्येक शौचालय में न्यूनतम 1 सीट | 5/- |
| 8 | सीट, बेसिन, फर्श, दीवार, दरवाजा, आईना आदि की साफ-सफाई | निरन्तर किन्तु 24 घंटे में न्यूनतम 4 बार | 2/- |
| 9 | साबुन, फिनायल, डस्टबिन, सफाईकर्मी के सुरक्षा पहनावे जैसे ग्लब्स, जूता, एप्रेन आदि की व्यवस्था | समुचित सफाई हेतु निरन्तर उपलब्धता | 3/- |
| 10 | सैनेटरी, नैपकिन, एयर फ्रेशनर, हैण्ड ड्रायर | शहर में स्थित कुल 10 प्रतिशत शौचालय में | 3/- |

**श्री अभिनव श्रीवास्तव**
अधिशासी अधिकारी
न.पं. अमीनगर सराय, बागपत

**श्री मांगेराम यादव**
अध्यक्ष
न.पं. अमीनगर सराय, बागपत

## नगरायुक्त व पार्षद मानसिंह का मोहल्ला कमेटी ने किया अभिनंदन

# महिलाएं स्वच्छता अपनाकर राष्ट्र निर्माण में दें योगदानः नगरायुक्त

**अभियान**

- श्रेष्ठ सफाई कार्य के लिए मौहल्ला कमेटी व सफाई नायकों का भी किया अभिनंदन

**अथाह संवाददाता**

**सहारनपुर।** नागरायुक्त ज्ञानेन्द्र सिंह ने महिलाओं से आह्वान किया है कि वे अपने घर और परिवेश को साफ स्वच्छ रखकर राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान दें। उन्होंने कहा कि महिलाएं समूह बनाकर अपने वार्डो को स्वच्छ बना सकती है। उन्होंने कहा कि जिस घर में साफ सफाई रहती है लक्ष्मी भी वहीं वास करती है।

नगरायुक्त वार्ड 30 में आईटीसी सुनहरा कल और मौहल्ला कमेटियों द्वारा आयोजित नारी शक्ति सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रुप में बोल रहे थे। उन्होंने महिलाओं से स्वच्छता अभियान में सहयोग का आह्वान करते हुए गीला व सूखा कूड़ा अलग अलग कर उसके निस्तारण करने और सहारनपुर को नंबर वन रैंकिंग पर लाने की अपील की। उन्होंने कहा कि जापान, अमेरिका जैसे देश आज इसलिए समृद्ध हैं कि वहाँ महिलाओं का सम्मान होता है। समारोह में नगरायुक्त ज्ञानेन्द्र सिंह का मौहल्ला कमेटियों द्वारा शॉल ओढ़ाकर व बुके भेंटकर तथा पार्षद मानसिंह जैन का माल्यार्पण व प्रमाणपत्र प्रदान कर स्वागत किया गया। पार्षद जैन ने कहा कि घरों से कूड़ा कलेक्शन करने वाले कर्मचारी बड़ा काम कर रहे हैं, हमें चाहिए कि हम उनका सम्मान और अभिनंदन करें। जिस पर मौहल्ला कमेटी की ओर से श्रेष्ठ कार्य के लिए सफाई नायक भूरा सिंह, आनंद व सुशील को विशेष रुप से और महक स्वच्छता समिति को नगरायुक्त द्वारा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।




मुन्नालाल कॉलेज की प्राचार्या डॉ. अमिता अग्रवाल ने नगरायुक्त की सराहना करते हुए कहा कि उनके निर्देशन में शहर में न केवल सफाई कार्य बल्कि अनेक विकास कार्यो के लिए हर दिन नये संकल्प लिए जा रहे है। उन्होंने महिलाओं से कहा कि वे कम से कम डिस्पोजल व प्लास्टिक का उपयोग करें ताकि घरों में कम से कम कूड़ा जनरेट हो सके। पूर्व पार्षद रानी वर्मा ने कहा कि नारी को जहां अपनी शक्ति को पहचानना है वहीं पुरुष समाज को भी महिलाओं के सम्मान के बारे में सोचना होगा। जहां नारी है वहीं पुरुष है, दोनों बराबर के हकदार है अंतर केवल सोच का है। पार्षद मनोज जैन ने भी महिलाओं से स्वावलंबी बनकर और अधिक शक्ति अर्जित करने का आह्वान किया।

नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ए के त्रिपाठी ने सुनहरा कल द्वारा घरों में होम कंपोस्टिंग के लिए प्रशंसा करते हुए महिलाओं से कहा कि वे इस व्यवस्था को अपनाकर कचरा प्रबंधन में काफी सहयोग कर सकती हैं। मौहल्ला कमेटी के उदय जैन ने सभी महिलाओं को ह्वान कूड़ा फैलाऊँगा-न फैलाने दूँगा॥ की शपथ दिलायी। इसके अलावा दीपा जैन, अर्चना, रेखा जैन, अनिल मित्तल, नीरज शर्मा, बृजपाल वर्मा ने भी संबोधित किया।

सम्पादकीय

# एचआरटीसी को कोविड फंड

कोविड-19 की चुनौतियों के बीच सुरक्षा और राहत के पैगाम जनता से मुखातिब हैं, लेकिन इसकी कीमत की अदायगी में तर्क की गुंजाइश न के बराबर है। हिमाचल में कोविड फंड की मेहरबानी से एचआरटीसी को लगातार मिल रहे धन की कितनी जरूरत और कितनी फरियाद है यह देखना होगा। कुल मिलाकर 13 करोड़ की राशि का भुगतान सरकारी बसों के संचालन में कोविड फंड के जरिए हुआ, ताकि यात्री सुरक्षा के इंतजाम पुख्ता हो सकें। ऐसे प्रयास में धन आबंटन की मात्रात्मक गुंजाइश के साथ-साथ लक्ष्य की गुणवत्ता का प्रश्न भी नत्थी है। एचआरटीसी को मिल रहे कोविड फंड का सीमित सदुपयोग हिमाचल की पूर्ण परिवहन व्यवस्था की सुरक्षा को चित्रित नहीं करता, बल्कि ऐसे आबंटन का सार्वजनिक व्यय कई अधूरे विषय अनुत्तरित छोड़ रहा है। अगर यात्रियों की सुरक्षा के लिए कोविड फंड का सही-सही इस्तेमाल किया जाए, तो इस धनराशि से केवल सरकारी परिवहन को मदद देने के साथ-साथ पूरे क्षेत्र को लाभान्वित करना होगा। एचआरटीसी के खाते में तेरह करोड़ डाल कर हम यह उम्मीद कैसे कर सकते हैं कि निजी बसें भी अपनी लागत पर सेनेटाइज होकर चलेंगी।

यह विडंबना है और कोविड फंड के आबंटन के तर्क को न्यायोचित ठहराने पर कुछ स्वाभाविक प्रश्न उठाता है। यात्री सुरक्षा में कोविड फंड का इस्तेमाल हर तरह के परिवहन वाहन पर होना चाहिए। ऐसे में निजी बसों व टैक्सी सेवाओं के लिए भी सेनेटाइजेशन के लिए धन की जरूरत रहेगी। दूसरी ओर बिना किसी टास्क फोर्स या पद्धति के कोविड सुरक्षा के ऐसे इंतजामों की समीक्षा नहीं हो रही। ग्रामीण परिवहन तो पूरी तरह निजी वाहनों के ढर्रे पर चल रहा है। शहरी इलाकों में स्थानीय बस सेवाओं के अभाव में निजी टैक्सियां जिस तरह सवारियां ढो रही हैं, उससे यात्री पूरी तरह असुरक्षित हैं। वहां न तो मसला सही तरह से वाहन के सेनेटाइज होने का है और न ही सोशल डिस्टेंसिंग की कोई परिपाटी दिखाई देती है। यात्री केवल यह चाहता है कि वह किसी तरह गंतव्य तक कम किराए में पहुंच जाए। परिवहन क्षेत्र पर सरकार की दरियादिली अगर एचआरटीसी को घाटे से बचाना है, तो भी किराया बढ़ोतरी जैसे दांव उलटे पड़े हैं और अगर सेनेटाइजर व थर्मल स्कैनिंग का खर्च उठाने के लिए तेरह करोड़ मिल रहे हैं, तो यह भी अनुपयोगी व असंतुलित उपचार ही साबित होंगे। यहां कोविड फंड के सही इस्तेमाल और इससे जुड़ी जवाबदेही का सवाल भी जुड़ जाता है। कोविड फंड अगर एचआरटीसी के खर्च का वहन कर रहा है, तो ऐसे कई सार्वजनिक स्थल हैं जहां सुरक्षात्मक तरीके अपनाए जाने चाहिएं। अनलॉक केवल एचआरटीसी नहीं हुई, बल्कि बाजार, व्यापार व रोजगार भी हुआ। तमाम औद्योगिक केंद्रों में इसी तरह की फंडिंग होनी चाहिए, जबकि त्योहारी सीजन में बाजारों के सेनेटाइजेशन तथा अन्य सुरक्षात्मक उपायों के लिए भी कोविड फंड की गुल्लक खुलनी चाहिए।

अनलॉक होते परिदृश्य की हर गतिविधि के प्रति सरकार की जिम्मेदारी अहम है, लेकिन कोविड मरीजों की बढ़ती संख्या के बावजूद एहतियाती कदम घट गए हैं। शुरूआत में जिस तरह हर गांव, हर सार्वजनिक स्थल तथा गली-मोहल्लों तक सेनेटाइजेशन का जोर था, अब यह समाप्तप्राय है। कहीं प्रशासन यह नहीं देख रहा कि बाजारों में सामाजिक दूरी क्यों घट रही है या सार्वजनिक स्थलों पर बिना मास्क लोग क्यों अधिकृत हो गए। इसी तरह समारोहों के निरंकुश आयोजन तथा सार्वजनिक व्यवहार की बढ़ती छूट के बीच क्या कोरोना बचाव के एहतियाती कदम लिए जाएंगे। इसी बीच जनमंच पुनः लोगों के दुखदर्द सुनने आ रहा है, लेकिन फरियादी भीड़ में अगर कोरोना को पनाह मिल गई, तो ऐसे सौहार्द के दंश निकालने मुश्किल हो जाएंगे। कोरोना को भले ही घटाकर देखने के आंकड़े देश के पास एकत्रित हो जाएं, लेकिन हिमाचल में मौत की रफ्तार में साढ़े तीन सौ का आंकड़ा, कोरोना के खिलाफ इंतजामों की कमजोरी में दर्ज है। अभी स्कूल-कालेजों के खुलने से खतरों का सैलाब उमड़ सकता है, अतः सेनेटाइजेशन, थर्मल स्कैनिंग तथा सोशल डिस्टेंसिंग सुनिश्चित करने के पूर्ण उपायों में कोविड फंड के बेहतर इस्तेमाल के साथ-साथ इसकी वित्तीय निगरानी भी होनी चाहिए।

## आज का इतिहास

# 'डे' इन हिस्ट्री

07 नवम्बर 2020

- मुगल सल्तनत के अंतिम शासक बहादुर शाह द्वितीय की 1862 में रंगून में मौत।
- बंकिम चन्द्र चट्टोपाध्याय ने 1876 में बंगाल के कांतल पाडा नामक गाँव में वन्दे मातरम् गीत की रचना की थी।
- फ्रैंक्लिन डी रूजवेल्ट 1944 में चौथी बार संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति नियुक्त हुए।
- जार्डन में 1951 में संविधान पारित किया गया।
- तत्कालीन सोवियत संघ ने 1968 में परमाणु परीक्षण किया।
- अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने 1996 में मार्स ग्लोबल सर्वेयर का प्रक्षेपण किया।
- अमेरिकी राष्ट्रपति बिल क्लिंटन ने 1998 में भारत और पाकिस्तान पर लगे प्रतिबंधों में ढील देने की घोषणा की।
- राष्ट्रपति चंद्रिका कुमारतुंगा ने 2003 में श्रीलंका में आपातकाल की घोषणा वापस ली।
- भारत और आसियान विज्ञान और प्रौद्योगिकी के विकास के लिए एक फंड बनाने पर 2006 में सहमत हुए।
- बिहार के जनतादल (यूनाइटेड) के लोकसभा सदस्यों ने 2008 में अपने पद से इस्तीफा दिया।
- कश्मीर के प्रसिद्ध कवि रहमान राही को 2008 में ज्ञानपीठ पुरस्कार प्रदान किया गया।
- प्रसिद्ध राजनीतिज्ञ कार्यकर्ता पंडित विश्वंभर नाथ का जन्म 1832 में हुआ।
- अंग्रेजों के खिलाफ लड़ने वाले महान क्रांतिकारी बिपिन चंद्र पाल का जन्म 1858 को हुआ था।
- विख्यात भौतिकविद और रसायनशास्त्री मेरी क्युरी का जन्म 1867 को हुआ था।
- वैज्ञानिक चंद्रशेखर वेंकट रामन का जन्म 1888 को हुआ था।
- प्रमुख कृषक नेता तथा सांसद एन.जी. रंगा का जन्म 1900 को हुआ था।
- प्रसिद्ध भारतीय कवि एवं साहित्यकार चंद्रकांत देवताले का जन्म 1936 को हुआ था।
- दक्षिण भारतीय फि ल्मों के सुपर स्टार भारतीय अभिनेता कमल हसन का जन्म 1954 को हुआ था।
- मुगल साम्राज्य के अंतिम बादशाह बहादुर शाह जफर का 1862 में निधन।
- भारत के प्रसिद्ध राजनीतिज्ञ, सामाजिक कार्यकर्ता और देश भक्त अश्विनी कुमार दत्त का 1923 में निधन।
- भारत के एक प्रमुख चिकित्सक और देश सेवक जीवराज मेहता का 1978 में निधन।
- भारत में हरित क्रांति के जनक सी. सुब्रह्मण्यम का 2000 में निधन।
- पद्म भूषण से सम्मानित भारत की समाज सेविका तारा चेरियन का 2000 में निधन।
- भारतीय निर्देशक और कवि बप्पादित्य बंदोपाध्याय का 2015 में निधन।

# कोरोना के बाद सामान्य होती जिंदगी

**प्रो. एनके सिंह,**
अंतरराष्ट्रीय प्रबंधन सलाहकार

"बार-बार साबुन से हाथ साफ करते रहना है अथवा सेनेटाइजर का इस्तेमाल करना है। जब तक कोरोना की कोई दवाई नहीं आ जाती, तब तक सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का सख्ती से खुद भी पालन करना है और अन्य लोगों से भी कराना है। कोरोना से बचाव का यही एकमात्र उपाय है।




स्पष्ट रूप से छह ऐसे सेक्टर हैं जहां देश न केवल खतरे से बाहर है, बल्कि वह बेहतर भी करेगा। खाद्य पदार्थों का रिकार्ड उत्पादन हुआ है तथा देश की समृद्धि के लिए यह एक अच्छा संकेत है। किसानों के आंदोलन के बावजूद नया विधान नई मार्किट का निर्माण करेगा, इससे बिचौलियों की भूमिका खत्म हो जाएगी तथा किसानों की आय बढ़ते हुए यह उन्हें ढाढस बंधवा सकता है। एक अन्य सकारात्मक विशेषता मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर की वापसी तथा वस्तुओं का रिकार्ड उत्पादन है। निर्माण के क्षेत्र में भारत इस समय विश्व में ब्राजील और अमरीका के बाद तीसरे नंबर पर है। इसी तरह आटोमोबाइल उत्पादन भी बढ़ा है। कोरोना वायरस के बावजूद वाहनों की मांग अप्रभावित रही है। भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश की स्थिति भी पहले के मुकाबले अच्छी है।

कोरोना महामारी के अनिष्ट के बाद जिंदगी अब धीरे-धीरे सामान्य होने लगी है। किसी ने भी इस बीमारी के बारे में पहले कभी नहीं सुना था और न ही किसी को इस संक्रामक रोग से ठीक होने का कोई निश्चित उपाय हाथ लगा। इस महामारी के कारण भय का माहौल व्याप्त हो गया था क्योंकि यह रहस्यमयी ढंग से फैलती है तथा चिकित्सा विशेषज्ञों के पास इससे निपटने का कोई इलाज भी नहीं था। लोग इस नए वायरस से इतने भयभीत हो गए थे कि ऐसा लगता था कि यह जीवन की ताकत को हटाकर मानव जीवन का गला घोंट देगा तथा यह इतना संक्रामक हो गया कि ऐसा लगने लगा कि जैसे ही कोई व्यक्ति दूसरे व्यक्ति से मिलेगा, यह संक्रामक रोग उसे लग जाएगा। सरकारों ने अलग तरह से अपनी प्रतिक्रिया दी। अमरीका में बड़ी संख्या में कोरोना से मौतों के बावजूद वह इससे सामान्य ढंग से निपटा, लेकिन फ्रांस और जर्मनी ने जरूरी कार्यों व सेवाओं को जारी रखते हुए आंशिक पाबंदियां लगाकर इसका सामना किया। उधर भारत में पूरी तरह लॉकडाउन व कर्फ्यू लगा दिया गया और इस तरह निर्माण व शैक्षणिक गतिविधियां पूरी तरह ठप हो गईं। संपूर्ण लॉकडाउन के प्रति भारत की प्रतिक्रिया पहले विचित्र लगी क्योंकि सभी देशों में लॉकडाउन नहीं लगाया गया। धीरे-धीरे संक्रमण से परहेज को जागरूकता सार्वजनिक ज्ञान में तबदील हो गई। भारत में पहली बार सरकार के दिशा-निर्देशों का महत्त्व जनता ने समझा तथा सभी ने उनका पालन भी किया। लोगों ने प्रधानमंत्री द्वारा आहूत थाली बजाओ अभियान में भी ऐहतियाती कदमों का अनुसरण किया। कोरोना योद्धाओं के प्रति सम्मान प्रकट करने के लिए यह एक विचित्र आह्वान था क्योंकि इससे पहले किसी भी प्रधानमंत्री ने लोगों से बर्तन बजाने या मोमबत्ती जलाने को नहीं कहा था। प्रधानमंत्री केवल लोगों से संचार करने की कोशिश कर रहे थे और राष्ट्र के स्वास्थ्य को सुरक्षित रखने के लिए प्रार्थना कर रहे थे।

हेमलिन के ह्यपाइड पाइपरह्न की तरह उन्होंने नदी तक राष्ट्र का नेतृत्व किया, किंतु सुरक्षा के लिए मृत्यु की नदी में तैरने के लिए यह सब कुछ था। अब जिंदगी धीरे-धीरे सामान्य हो रही है। कारोबारी जिंदगी की ओर लौटती सामान्य स्थिति के कई अच्छे संकेतक हैं। प्रधानमंत्री स्वयं कह रहे हैं कि हम सघन चिकित्सा कक्ष से बाहर हैं, जैसा कि अस्पतालों के मामले में है जहां बीमार लोग उपचाराधीन हैं, किंतु संक्रमण का खतरा अभी भी है तथा लोगों को सभी ऐहतियातें बरतनी चाहिएं। स्पष्ट रूप से छह ऐसे सेक्टर हैं जहां देश न केवल खतरे से बाहर है, बल्कि वह बेहतर भी करेगा। खाद्य पदार्थों का रिकार्ड उत्पादन हुआ है तथा देश की समृद्धि के लिए यह एक अच्छा संकेत है। किसानों के आंदोलन के बावजूद नया विधान नई मार्किट का निर्माण करेगा, इससे बिचौलियों की भूमिका खत्म हो जाएगी तथा किसानों की आय बढ़ते हुए यह उन्हें ढाढस बंधवा सकता है। एक अन्य सकारात्मक विशेषता मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर की वापसी तथा वस्तुओं का रिकार्ड उत्पादन है। निर्माण के क्षेत्र में भारत इस समय विश्व में ब्राजील और अमरीका के बाद तीसरे नंबर पर है। इसी तरह आटोमोबाइल उत्पादन भी बढ़ा है। कोरोना वायरस के बावजूद वाहनों की मांग अप्रभावित रही है। भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश की स्थिति भी अच्छी है। पहले के 35 बिलियन अमरीकी डालर के मुकाबले यह ज्यादा है। भारत निवेशकों के लिए एक पसंदीदा गंतव्य बना हुआ है। भारत का खरीद सूचकांक 56 से 58 तक बढ़ गया है जो कि पिछले दस सालों में सबसे ज्यादा है। पिछली तिमाही में जीएसटी कलेक्शन भी सबसे ज्यादा है। मार्किट भी करीब 40 हजार इंडेक्स वाले बॉम्बे स्टाक एक्सचेंज के साथ ह्यशूटिंग अपह्न कर रही है। जिन क्षेत्रों में सामान्य स्थिति बनने में अभी समय लगेगा, वे हैं पर्यटन और होटल उद्योग। हालांकि लॉकडाउन हटा दिया गया है, इसके बावजूद होटलों में आक्यूपेंसी अभी भी कम है तथा इस ओर भीड़ का रुख अभी नहीं हुआ है। अन्य महत्त्वपूर्ण क्षेत्र शिक्षा तथा संबंधित संस्थान हैं। यह एक ऐसा बड़ा क्षेत्र है जिसने कोरोना काल में बहुत कुछ खोया है। हालांकि इस दौरान ऑनलाइन टीचिंग तथा विविध 'होम स्टडी सिस्टम' जारी रहे हैं। इसने परीक्षाओं तथा लर्निंग एक्टिविटी के शैड्यूल को काफी हद तक प्रभावित किया है। समस्या सोशल डिस्टेंसिंग तथा संक्रमण से परहेज में निहित है। कोरोना वायरस के सकारात्मक प्रभाव भी रहे हैं। सबसे ज्यादा लाभ यह हुआ है कि काम निपटाने के नए तरीके खोजे गए हैं। इस दौरान मानव की सृजनात्मक प्रतिभा का भी अच्छा परीक्षण हुआ है। डिजिटल संसार ने प्लेटफार्म जूम की क्रिएशन तथा गूगल इत्यादि का प्रयोग करके नए ह्यएवेन्यूह्न प्राप्त किए हैं। इसने कारोबारी व शैक्षणिक गतिविधियों को जारी रखने में बड़ा योगदान दिया है। एक आम आदमी भी काम को निपटाने के नए तरीके सीख गया है तथा स्कूलों में पढ़ाई को कैसे जारी रखा जाए, इसकी तरकीब ढूंढी गई है। अब उन वस्तुओं की भी ऑनलाइन शॉपिंग हो रही है जिनकी पहले संभव नहीं थी। लोगों ने घरों से काम करना सीखा है तथा कई लोग अब भी, जबकि लॉकडाउन हटा दिया गया है, घर से ही काम जारी रखे हुए हैं। कोरोना वायरस के बाद की जिंदगी काफी बदली हुई होगी। जैसे-जैसे अर्थव्यवस्था मजबूत होती जाएगी, वैसे-वैसे नई तकनीकें व नवाचार मानव जीवन में देखने को मिलेंगे। इसके अलावा हमें यह नहीं भूलना है कि अभी केवल लॉकडाउन हटाया गया है, कोरोना वायरस खत्म नहीं हुआ है। हमें पहले की तरह इस वायरस से बचने के लिए सजग रहना है तथा इससे बचाव के सभी ऐहतियाती उपायों का अक्षरशः पालन करना है। भीड़ में जाने से हमें बचना है तथा घर से जब भी बाहर निकलें तो मास्क को जरूर पहनें। इसके अलावा बार-बार साबुन से हाथ साफ करते रहना है अथवा सेनेटाइजर का इस्तेमाल करना है। जब तक कोरोना की कोई दवाई नहीं आ जाती, तब तक सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का सख्ती से खुद भी पालन करना है और अन्य लोगों से भी कराना है। कोरोना से बचाव का यही एकमात्र उपाय है।

## मुद्दा

# सर्दियां सेहत बनाने के लिए है परफेक्ट मौसम



सर्दी ने भारत में दस्तक देना शुरू कर दिया है। अभी से शरीर को हेल्दी रखने की शुरूआत कर देनी चाहिए। यहां हम आपको ठंड से बचाव के लिए कुछ खास टिप्स बता रहे हैं।

सर्दियों का मौसम अब धीरे-धीरे उत्तर भारत में अपनी दस्तक देना शुरू कर रहा है। अभी शाम के वक्त खुले इलाकों में थोड़ी ठंडी हवा चलने लगी है और धीरे-धीरे ठंड अपना पूरा असर दिखाने लगेगी। जैसे ही ठंड की शुरूआत होती है तो इसका असर हर जगह दिखना चालू हो जाता है। इंसान, जानवर और पेड़-पौधों पर भी इसका साफ असर नजर आता है। अब हम इंसानों की बात करें तो इसका असर सबसे पहले स्किन, बॉडी और एक्टिविटीज पर होने लगता है। जहां आमतौर पर हम गर्मियों में कम खाना खाते हैं तो उसकी तुलना में सर्दियों में भूख में भी इजाफा होता है। सर्दियों में शरीर से मेहनत भी कम होती है। खासकर इस मौसम में सभी को अपनी हेल्थ का ख्याल रखना काफी जरूरी है। यहां हम आपको बता रहे हैं कि सर्दियों के मौसम में किस प्रकार से अपना ख्याल रखा जाता है और किन-किन सावधानियों को ध्यान में रखा जाता है।

डाइट का ऐसे रखें खास ख्यालः सर्दियों के मौसम में खान-पान का खास ख्याल रखना काफी ज्यादा जरूरी हो जाता है, क्योंकि इस मौसम में शरीर में कई प्रकार की बीमारियां भी लगने का खतरा बना रहता है। अगर आप साबुत अनाज, दलिया आदि का सेवन करते हैं तो ये वजन कम करने में भी असरदार हैं और दिल के लिए भी फायदेमंद साबित होते हैं। इस मौसम में सब्जियों और फलों का भरपूर सेवन करना चाहिए। फलों और सब्जियों में मौजूद विटामिन और मिनरल्स सर्दियों में बीमारियों से लड़ने के लिए असरदार साबित होते हैं। इस मौसम में फ्राइड और सैचुरेटेड फूड्स का उपयोग नहीं करना चाहिए।

**पानी और ड्रिंकः** वैसे तो गर्मियों की तुलना में सर्दियों में कम पानी पिया जाता है, लेकिन इस मौसम में आवश्यक मात्रा में पानी पीना चाहिए। वहीं, अगर आप इस मौसम में हर्बल-टी पीते हैं तो इससे एलडीएल कोलेस्ट्रोल और ट्राइग्लिसराइड का लेवल भी डाउन होता है।

एक्सरसाइज है जरूरीः अगर आप अपनी बॉडी फिट रखना चाहते हैं तो इसके लिए सर्दियों से अच्छा मौसम और कोई नहीं हो सकता है। इस दौरान आप अपने वजन को कंट्रोल करें। बॉडी को फिट रखने के लिए रेगुलर एक्सरसाइज कीजिए। अगर आप जिम में जाकर एक्सरसाइज नहीं कर पा रहे हैं तो रोजाना वॉक पर जाएं।

### इस वर्ष दिवाली पर्व होगा 4 दिन का

# धनतेरस, छोटी दिवाली होगी एक ही दिन

भारतीय पंचांग व पृथ्वी की गति के अनुसार तिथियों के सूक्ष्म योग से धनतेरस ,छोटी दिवाली एक ही दिन अर्थात 13 नवंबर 2020 शुक्रवार को मनाई जाएगी। 14 नवंबर 2020 को दीपावली महापर्व मनाएंगे।

शास्त्रीय कारण

दीपावली के पांचो पर्व सदैव प्रदोष व्यापिनी तिथि में होते हैं।

प्रदोष काल उसे कहते हैं जब तिथि सूर्यास्त से 96 मिनट तक उपस्थित रहे ।12 नवंबर 2020 को द्वादशी तिथि 21:30 बजे तक है। त्रयोदशी तिथि 21: 31 बजे आएगी। 12:11 :2020 को त्रयोदशी तिथि प्रदोष व्यापिनी है ही नहीं ,क्योंकि सूर्यास्त 17:25 बजे होंगे । और प्रदोष के लिए शाम 5:25 से 7:01 बजे के बीच आरंभ होनी चाहिए। किंतु इस समय त्रयोदशी तिथि का अभाव है। जो रात्रि को 9:30 बजे से आरंभ होगी और अगले दिन 17:59 बजे तक है अर्थात प्रदोष काल को 1 घटी से अधिक स्पर्श कर रही है। इसलिए त्रयोदशी का धनतेरस पर्व, धन्वंतरि जयंती, यमदीप दान,प्रदोष व्रत 13 नवंबर को ही होगा । चतुर्दशी तिथि 13 तारीख को शाम 6:00 बजे से आरंभ होगी। 13 नवंबर को प्रदोष काल व निशीथ व्यापिनी है। इसलिए छोटी दीपावली, नरक चतुर्दशी ,हनुमान जयंती भी 13 नवंबर को ही मनाई जाएगी। 14 तारीख को अमावस्या तिथि 14:17 पर आएगी जो पूर्णरूप से प्रदोष व्यापिनी और निशीथव्यापिनी है। इसलिए दीपावली का पुण्य पर्व महालक्ष्मी ,गणेश पूजन, दीपोत्सव, कमला जयंती 14 तारीख को ही मनाई जाएगी ।महालक्ष्मी पूजन स्वाति नक्षत्र और सिद्धि योग में सम्पन्न होगा ।दीपावली पूजन के दिन के मुहूर्त (व्यापारिक संस्थान ,दुकान, ऑफिस, फैक्ट्री,में दिन के समय गणेश लक्ष्मी पूजन होता है ) इसके शुभ मुहूर्त इस प्रकार हैंः मकर, कुंभ, मीन और मेष लग्न 11:16 से शाम 17:27 बजे तक बहुत शुभ लग्न हैं। इसके साथ साथ चौघड़िया के शुभ मुहूर्त भी 12:07 से 16: 03बजे तक चर ,लाभ, अमृत के चौघड़िया के श्रेष्ठ मुहूर्त हैं।

दीपावली पूजन के रात्रि के मुहूर्त

(घर , आवास ,फ्लैट , आवास में लक्ष्मी पूजन का मुहूर्त है) शाम 19:24 बजे से 23:53 बजे तक वृष, मिथुन ,कर्क लग्न रहेंगे जो दीपावली पूजन के लिए बहुत अच्छे मुहूर्त हैं ।सबसे श्रेष्ठ मुहूर्त सिंह लग्न होता है ,जो रात्रि 23:54 बजे से 2:11 बजे तक रहेगा इसे निशिथकाल मुहूर्त कहते हैं। जो मंत्र जाप ,तंत्र साधना ,लक्ष्मी के मंत्रों को सिद्ध करने के लिए शुभ मुहूर्त होता है । रात्रि में चौघड़िया के भी मुहूर्त हैं। रात्रि 17:25 बजे से मध्य रात्रि के पश्चात 1:47 तक लाभ ,उद्वेग, शुभ, अमृत और चर के चौघड़िया दिवाली पूजन में सर्वश्रेष्ठ हैं। इस बार दिवाली बहुत ही शुभ मुहूर्त में मनाई जाएगी। इसलिए हमें दीपावली पूजन में मां लक्ष्मी, गणेश कुबेर ,कुलदेवता ,कुलदेवी आदि को प्रसन्न करने के लिए विधि विधान से पूजन करें। **पंडित शिवकुमार शर्मा , आध्यात्मिक गुरु एवं ज्योतिष रत्न अध्यक्ष- शिव शंकर ज्योतिष एवं वास्तु संधान केंद्र गाजियाबाद।**

## प्रतिदिन

**देखन है रहेगा बरकरार किसका खिताब**
**रश्मियों ने कर लिया है भोर का इंतखाब**
**ढल गया कल तक था रौशन जो आफताब**
**निकल आया उम्मीदों का नया एक महताब**
**जोड़ लूं दुआओं का अपनी मैं भी हिसाब**
**होगी किसी रोज मुकम्मल मोहब्बत की किताब**



**आलोक यात्री**
कवि, वरिष्ठ पत्रकार

## कविता

# आंसू बहाने के बाद

जुबां नें जो बयां नहीं किया,
दिल के समझाने के बाद।
आंखों ने बता दिया जमाने को,
आंसू बहाने के बाद।
दिल ने रोकना तो चाहा था,
आंसुओं को भी
पर
दिल बड़ा मासूम था मेरा,
जो खुद ही बहकर आ गया ,
आंसुओं के साथ ।
देख कर मेरे आंसू भी
उनका दिल नहीं पसीजा।
वे पत्थर दिल हैं ये समझ आया,
टूटकर बिखरने के बाद।
वो मेरे अपने हैं ये भ्रम बना था,
वर्षों के याराने के बाद।
दिल की बात समझ आयी मुझको,
सबकुछ लुटाने के बाद।
आंखों को भूल का अहसास हुआ,
जब समझी दिल की बात।
अब नहीं बहेंगे ये मेरे आंसू,
दिल के सागर में मिल जाने के बाद।



***अरविंद भाई ओझा***
हनुमंत कथा वाचक

## फास्ट ट्रैक

### शासन प्रशासन के अधिकारी सिंभावली शुगर मिल के सामने नतमस्तक

**हापुड़/गढ़मुक्तेश्वर।** सिंभावली शुगर मिल का पेराई सत्र शुरू होते ही सिंभावली शुगर मिल की चिमनीयो से राख उगलनी शुरू हो गई है चिमनिया से निकलने वाली राख की छाई आंखों में गिरने से लोगों की आंखों में इंफेक्शन फैलना शुरू हो गया है हर साल कई दर्जन लोग मील से निकलने वाली राख की छाई आंखों में गिरने से आंखें खराब हो चुकी हैं महिलाएं कपड़े सुखाने को मजबूर हो रही हैं क्योंकि मील से निकलने वाली राख की छाई छतों पर जम जाती है और कपड़े भी खराब हो जाते हैं रास्ते से निकलने वाले साइकिल मोटरसाइकिल वाहन चालक की आंख में भी छाई गिरने से दुर्घटना हो जाती है शासन प्रशासन के अधिकारियों को मील से निकलने वाली राख की छाई के विषय में जानकारी नहीं है ऐसा नहीं है सब कुछ शासन-प्रशासन के अधिकारी जानते हैं उसके बावजूद भी सिंभावली शुगर मिल के सामने नतमस्तक बने हुए हैं उन्हें आम जनता के जीवन से कोई संबंध नहीं है कांग्रेस नेता मतलूब अली चौधरी राजेंद्र सिंह ओलख राजू जाटव प्रधान धन सिंह चौधरी मनवीर सिंह समाजसेवी ओम प्रकाश सैनी किसान यूनियन के नेता पीके वर्मा रवि जाटव प्रधान हरिंदर सिंह पूर्व प्रधान कुंवर सिंह शराफत अली आदि दर्जनों लोगों ने जानकारी देते हुए बताया सिंभावली शुगर मिल की चिमनी और से निकलने वाली राख की छाई 4 किलोमीटर दूर तक उड़कर क्षेत्र के लोगों का जीना दुश्वार कर दिया आंख में गिरने से लोगों की आंखों में इंफेक्शन फैल जाता है जो शासन प्रशासन के अधिकारियों की अनदेखी का नतीजा जो सिंभावली शुगर मिल के सामने नतमस्तक हैं।

विश्व के मुख्य न्यायाधीशों के सम्मेलन में बोले राजनाथ सिंह

# नई पीढ़ी को सुरक्षित भविष्य प्रदान करना हमारी प्राथमिकता

**सम्मेलन**

- सिटी मोन्टेसरी स्कूल में विश्व के मुख्य न्यायाधीशों के 21वें अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आनलाइन शुभारम्भ हुआ

अथाह ब्यूरो



**लखनऊ।** भावी पीढ़ी को सुरक्षित व सुखमय भविष्य प्रदान करना हमारी पहली प्राथमिकता होनी चाहिए। इस उद्देश्य हेतु विभिन्न देशों के न्यायविदो व कानूनविदो का आगे आना एक अहम कदम है। यह एक नवीन विश्व व्यवस्था में क्रान्तिकारी कदम साबित होगा। यह कहना था रक्षामंत्री राजनाथ सिंह का। शुक्रवार को सिटी मोन्टेसरी स्कूल में विश्व के मुख्य न्यायाधीशों के 21वें अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आनलाइन शुभारम्भ हुआ। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह मेयर श्रीमती संयुक्ता भाटिया वर्चुअल रूप से शामिल हुए।

मेयर संयुक्ता भाटिया ने त्रिनिदाद एवं टोबैगो के पूर्व राष्ट्रपति एन्थोनी थॉमस अकीनास कामोर्ना को ऑनलाइन प्रजेन्टेशन द्वारा लखनऊ शहर की चाबी भेंटकर सम्मानित किया। इससे पहले सीएमएस संस्थापक डॉ. जगदीश गांधी एवं सीएमएस कानपुर रोड कैम्पस की वरिष्ठ प्रधानाचार्या डा. विनीता कामरान ने मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि एवं देश-विदेश के न्यायविदो कानूनविदो का स्वागत किया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि बच्चों के आधिकारों व विश्व व्यवस्था के महत्वपूर्ण मुद्दे पर आवाज उठाना सराहनीय है। मेयर संयुक्ता भाटिया ने कहा कि इस अन्तर्ष्ट्रीय सम्मेलन के माध्यम से सीएमएस विश्व के बच्चों के लिए एक नया भविष्य निर्मित कर रहा है, साथ ही शिक्षा के क्षेत्र में भी नये आयाम स्थापित कर रहा है। इससे पहले, राष्ट्र गान 'वन्दे मातरम' एवं स्कूल प्रार्थना 'हे मेरे परमात्मा' की मनोहारी प्रस्तुति से कार्यक्रम का शुभारम्भ हुआ। इस अवसर पर सीएमएस कानपुर रोड कैम्पस द्वारा विभिन्न प्रकार के स्कूल बैण्ड का प्रस्तुतिकरण एवं ताईवान के शान्ति संगठन फेडरेशन ऑफ वर्ल्ड पीस एण्ड लव (फोपाल) के सदस्यों द्वारा शिक्षात्मक- सांस्कृतिक कार्यक्रमों का ऑनलाइन प्रस्तुति दी गई।

सीएम योगी का दिवाली तोहफा जारी

## प्रांतीय पुलिस सेवा संवर्ग के 52 अधिकारियों को मिली प्रोन्नति

> बोनस पर मुहर और मंडी शुल्क में कमी के बाद अब पुलिस अधिकारियों को प्रोन्नति का तोहफा



**लखनऊ (अ.सं.)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ओर से दीपावली पर किसानों, व्यापारियों, अधिकारियों और कर्मचारियों को तोहफा देने का दौर जारी है। विभिन्न सेवाओं में लगे कर्मचारियों को 30 दिन के बोनस का उपहार देने और किसान मंडी शुल्क की दर को घटाने की बहुप्रतीक्षित मांग पूरी करने के बाद अब मुख्यमंत्री ने प्रांतीय पुलिस सेवा संवर्ग के अधिकारियों को अपर पुलिस अधीक्षक के विभिन्न ग्रेड पे में प्रोन्नत प्रदान करने करने की सहर्ष स्वीकृति दी है। मुख्यमंत्री कार्यालय ने शुक्रवार को ट्वीट कर यह जानकारी दी। योगी के इस फैसले से प्रांतीय पुलिस सेवा संवर्ग के 52 अधिकारी लाभान्वित होंगे। नव प्रोन्नत अधिकारियों में 21 अधिकारियों को अपर पुलिस अधीक्षक, विशेष श्रेणी-एक, ग्रेड पे-8700 में, 21 अधिकारियों को अपर पुलिस अधीक्षक, विशेष श्रेणी-एक, ग्रेड पे-8900 में तथा 10 अधिकारियों को अपर पुलिस अधीक्षक, उच्चतर श्रेणी ग्रेड पे-10000 में प्रोन्नति दी गई है। मुख्यमंत्री के इस फैसले से प्रोन्नति प्राप्त पुलिस अधिकारियों की दिवाली की खुशी दोगुनी होनी तय है।

## किसानों का बिल माफ करे सरकार : प्रियंका गांधी

**लखनऊ (अ.सं.)।** उत्तर प्रदेश में तेज गति से भाग रहे बिजली के मीटर के घोटाले को लेकर कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने उत्तर प्रदेश सरकार को टारगेट पर रखा है। सीएम योगी आदित्यनाथ पर तंज कसते हुए प्रियंका गांधी ने कहा उत्तर प्रदेश तो मीटरों के लिए प्रयोगशाला बन गया है। प्रियंका गांधी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में बिजली के मीटर कई गुना तेजी से भाग रहे हैं। इसी कारण यूपी में बिजली बिल और मीटर का मामला तूल पकड़ रहा है। कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव तथा उत्तर प्रदेश की प्रभारी प्रियंका गांधी ने उत्तर प्रदेश बिजली मीटरों के लिए प्रयोगशाला बन गया है। उन्होंने प्रदेश सरकार की जनता को तत्काल बिजली बिलों में राहत देने और किसानों को आधी दर पर बिजली देने की मांग की है। प्रियंका गांधी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में बिजली के बढ़ते बिलों और बिजली मीटरों का आतंक व्याप्त है। पिछले कुछ वर्षों में बिजली दरों में व्यापक बढ़ोतरी हुई है। बीते आठ वर्ष में ग्रामीण घरेलू उपभोक्ताओं की दरों में 500 फीसदी, शहरी घरेलू बिजली की दरों में 84 फीसदी और किसानों को मिलने वाली बिजली की दरों में 126 फीसदी की वृद्धि हुई है।



# देश में बढ़ती जनसंख्या चिंता का विषय : प्रमोद



**चिंतन**

- देश में बढ़ती हुई जनसंख्या बहुत ही चिंता का विषय है
- इससे देश में रोजगार, जलस्तर व जमीन घट रही है
- भारत की जनता अब जनसंख्या नियंत्रण कानून चाहती है, जो कि राष्ट्रीय हित के लिए बहुत ही जरूरी है

अथाह संवाददाता

**बागपत।** जनसंख्या समाधान फाउंडेशन की एक बैठक कस्बा खेकड़ा में आयोजित की गई। इस मौके पर फाउंडेशन के उत्तर प्रदेश सचिव प्रमोद गोस्वामी ने कहा कि देश में बढ़ती हुई जनसंख्या बहुत ही चिंता का विषय है। इससे देश में रोजगार, जलस्तर व जमीन घट रही है। साथ ही वायु प्रदूषण बढ़ रहा है। जनसंख्या के बढ़ने से देश में तमाम तरह की व्यवस्थाएं खराब हो रही हैं। इसको लेकर पूरे भारत में जनसंख्या समाधान फाउंडेशन के कार्यकर्ता 13 नवंबर को ठीक 12 बजे एक शपथ लेंगे की भारत में जनसंख्या नियंत्रण कानून लागू हो, जो समान रूप से सभी धर्मों पर लागू हो।

बताया कि कस्बे के जैन डिग्री कॉलेज में भी शपथ का कार्यक्रम होगा, इसको लेकर सभी को जागरूक किया जा रहा है। कहा कि भारत की जनता अब जनसंख्या नियंत्रण कानून चाहती है, जो कि राष्ट्रीय हित के लिए बहुत ही जरूरी है। इस मौके पर नीरज, संगीता, राहुल, कपिल, देवदत्त, सोनू, पायल, सृष्टि, मनोज, कुलदीप, निखिल आदेश आदि थे।

# अर्णब गोस्वामी के समर्थन मे राष्ट्रपति के नाम दिया ज्ञापन



अथाह संवाददाता

**बागपत।** जैसा कि समस्त देश देख रहा है कि महाराष्ट्र सरकार द्वारा पत्रकार अर्णब गोस्वामी के साथ अपराधी की तरह व्यवहार एवं ईर्ष्यावश की गई कार्यवाही से ग्रामीण अंचल से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक के पत्रकार आश्चर्यचकित हैं। बागपत जिले के सभी पत्रकार सदस्य इस कार्यवाही की घोर निंदा करते हैं।

शीघ्र ही अर्नब गोस्वामी की रिहाई की मांग के साथ आपसे महाराष्ट्र की तानाशाही सरकार को भंग करने की मांग की हैं। हमारी मांग है कि जो अधिकारी,कर्मचारी इस घृणित कार्य में सम्मिलित रहे उन्हें बर्खास्त किया जाये।

जिले की तीनों तहसीलों पर ज्ञापन दिए गए जिसको लेकर उपजन के जिला अध्यक्ष ने इस अवसर पर कहा कि देश मे पत्रकार सुरक्षित नही है जिसमे मुख्य रूप से उमेश कुमार शर्मा, सुरेंद्र कुमार कुंडू , विकास शर्मा, रोजूदीन त्यागी, नितिन चौहान, सुमित शर्मा, विशाल जैन, अंकित कुमार, कुलदीप पंडित, नौशाद, अब्दुल वाहिद आदि पत्रकार मौजूद रहे।

सड़क निर्माण में घटिया सामग्री लगाने पर

# लोगों ने किया हंगामा काम कराया बंद



**आक्रोश**

- लोगों ने हंगामा किया तो क्षेत्रीय सभासद अफजाल मंजूर और नगर पालिका जेई जयपाल सिंह भी मौके पर पहुंचे

अथाह संवाददाता

**सरधना (मेरठ)।** सरधना के मोहल्ला गुजरानगेट पर मोहल्ले के लोगों ने उस समय हंगामा कर दिया जब ठेकेदार द्वारा सड़क की साइड बनाने में घटिया निर्माण सामग्री का इस्तेमाल किया गया। मोहल्ले के लोगों ने हंगामा किया तो क्षेत्रीय सभासद अफजाल मंजूर और नगर पालिका जेई जयपाल सिंह भी मौके पर पहुंचे और उन्होंने सड़क निर्माण सामग्री का जायजा लिया सड़क निर्माण सामग्री घटिया पाए जाने पर उन्होंने काम कर रहे मजदूरों से कहा जब ठेकेदार मानक के अनुरूप निर्माण सामग्री नहीं लगाएगा तब तक काम नहीं होने दिया जाएगा । मौके पर पहुंचे नगरपालिका जेई व सभासद अफजाल मंजू ने बताया कि नगर पालिका सरधना की तरफ से 15 लाख का ठेका छोड़ा गया है । यह टेंडर सुबोध त्यागी के नाम पर है । जिसमें देवी मंदिर के सामने अम्बेडकर द्वार से और गोरा गुजरानगेट चौराहे तक सड़क की साइड में दोनों तरफ इंटरलॉकिंग टाइल्स लगाई जानी है । लेकिन ठेकेदार ने नाहीं तो मानक के अनुरूप रोड़ा लगाया और नाही रेत लगाया इंटरलॉकिंग टाइल्स की क्वालिटी भी मानक के अनुरूप नही है । उन्होंने बताया कि इस संबंध में उच्चाधिकारियों को भी अवगत कराया जाएगा ।

# शांति व्यवस्था को लेकर सरधना पुलिस ने किया नगर में फ्लैग मार्च

**निगरानी**

- नगर के बाजारों में फ्लैग मार्च निकाल कर पुलिस ने शांति व्यवस्था का संदेश देते हुए अपनी मौजूदगी का अहसास कराया



अथाह संवाददाता

**सरधना (मेरठ)।** सरधना क्षेत्र में शांति व्यवस्था को लेकर पुलिस ने नगर में फ्लैग मार्च किया । एसडीएम अमित भारतीय व सीओ आर पी शाही के नेतृत्व में पुलिस बल सड़कों पर उतरा जिसे देख कर नगर वासियों के अलावा ग्रामीण क्षेत्र के लोग भी दहशत में आगए। नगर के बाजारों में फ्लैग मार्च निकाल कर पुलिस ने शांति व्यवस्था का संदेश देते हुए अपनी मौजूदगी का अहसास कराया ताकि असमाजिक तत्व कोई भी कृत्य करने से पहले हजार बार सोचने पर मजबूर हो जाए ।

बता दें कि फ्रांस की घटना के बाद प्रदेश सरकार एक्टिव मोड़ पर है जिसके चलते सोशल मीडिया से लेकर हर तरफ नजर रखी जा रही है। ऐसे में सरधना पुलिस भी अलर्ट हो गई है। त्योहारों के सीजन को देखते हुए पुलिस इस समय काफी सक्रिय है। इस दौरान किसी भी तरह का विवाद सांप्रदायिक सौहार्द को बिगाड़ सकता है। जिसके चलते एसएसपी अजय साहनी ने विशेष सतर्कता बरतते हुए जिले के सभी थाबेदारों को अपने इलाकों में शांति व कानून व्यवस्था को कड़े करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सभी थानेदारों से मिश्रित आबादी में गश्त पहरा बढ़ाने और सभी धर्म गुरुओं के साथ बैठक करने को भी कहा है।

नगर में भारी पुलिस फोर्स देखकर नगर वासियों के अलावा ग्रामीण क्षेत्र के लोगों में भी कुछ देर के लिए दहशत फैल गई और फ्लैग मार्च चर्चा का विषय बना जब लोगों को इस बात की जानकारी हुई कि शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए फ्लैग मार्च किया गया है तो उनका भय दूर हुआ। सुरक्षा की दृष्टि से जुमे की नमाज से पहले नगर की अधिकांश मस्जिदों पर फोर्स तैनात किया गया तो वहां भी पुलिस को देख कर लोगों में दहशत फैली पुलिस फोर्स ने नगर में अपनी मौजूदगी का एहसास करा कर असामाजिक तत्वों के मंसूबों को कुचलने का काम किया है ।

# समाजवादी पार्टी ने विधानसभा चुनाव के लिए मांगे आवेदन



अथाह संवाददाता

**बागपत।** समाजवादी पार्टी ने विधानसभा चुनाव के लिए अपनी तैयारियां शुरू कर दी है। इसको लेकर उन्होंने विधानसभा का चुनाव लड़ने वाले पार्टी के नेताओं से आवेदन मांगे हैं। सपा जिलाध्यक्ष बिल्लू प्रधान ने पार्टी कार्यालय पर जानकारी देते हुए बताया कि समाजवादी पार्टी ने उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2022 के चुनाव की तैयारी शुरू कर दी है। उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए जो पार्टी के नेतागण चुनाव लड़ना चाहते हैं, उनसे आवेदन पत्र मांगे गए हैं। विधानसभा चुनाव के लिए आवेदन लखनऊ स्थित पार्टी कार्यालय पर पार्टी द्वारा निर्धारित प्रारूप मे भरकर आवेदक को जमा करने होंगे। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष प्रबुद्ध प्रकोष्ठ नगेन्द्र सिंह, जिला कार्यालय प्रभारी विवेक वर्धन शर्मा ,जिला अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ डॉ सीमा यादव, जिला महासचिव प्रधान रिफाकत अली, ललित जैन, अंकुर जैन, प्रमोद विश्वकर्मा, योगेंद्र चौहान, राधे गुर्जर, रविन्द्र नैन ,राहुल यादव, डॉक्टर रियासत अली, अमित शर्मा, धर्मपाल दीक्षित आदि उपस्थित रहे।

## खुले में पटाखे बेचने वालों पर होगी कार्रवाई

**गढ़मुक्तेश्वर (अ.सं.)।** थाना सिंभावली क्षेत्र के गांव व बाजारों में बिकने वाले पटाखों की बिक्री को लेकर पुलिस क्षेत्राधिकारी पवन कुमार व थाना अध्यक्ष राहुल चौधरी द्वारा हरोड़ा मोड़ रेलवे रोड मैन बाजार व आसपास के गांवों का दौरा कर दुकानदारों से अपील की वायु प्रदूषण व कोरोनावायरस के संक्रमण को देखते हुए उत्तर प्रदेश सरकार के आदेश अनुसार पूर्ण रूप से रोक लगाई गई है। बाजार में किसी भी दुकानदार ने दीपावली के पर्व पर पटाखे बेचने का प्रयास किया तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी और जुमार्ना भी लगाया जाएगा और ग्राहक द्वारा आतिशबाजी खरीदी गई उसके खिलाफ भी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस क्षेत्राधिकारी पवन कुमार ने जानकारी देते हुए बताया पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन के आदेश अनुसार क्षेत्र में आतिशबाजी की बिक्री पर पाबंदी लगाई गई है दुकानदारों द्वारा सरकार के आदेशों का उल्लंघन किया तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# बागपत में हुई बॉलीवुड फिल्म जाट लैंड की शूटिंग



अथाह संवाददाता

**बागपत।** बहुप्रतिक्षित बॉलीवुड़ फिल्म जाट लैंड़ की शूटिंग पश्चिम उत्तर प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर शूट की जा रही है। यह फिल्म जमीनी विवादों से उपजी पारिवारिक रंजिश और राजनीति से ओत-प्रोत है। शुक्रवार को इस फिल्म की शूटिंग बागपत जनपद के विभिन्न गांवों में की गई।

पटबीजना फिल्म प्राईवेट लिमिटेड़ के बैनर बनने वाली इस फिल्म में मुख्य भूमिका प्रसिद्ध अभिनेता सूर्यदेव सिंह निभा रहे है। साथ ही साथ बॉलीबुड़ की जानी-मानी मशहूर अभिनेत्री गरिमा अग्रवाल भी इस फिल्म में अहम भूमिका अदा कर रही है। गरिमा अग्रवाल कई फिल्मों और टीवी सीरियलों में अपने अभिनय का लोहा मनवा चुकी है और दर्शकों पर अपने अभिनय की अमिट छाप छोड़ी है।

बॉलीवुड़ की अनेकों सुपरहिट फिल्मों को देने वाले और महाभारत में द्रोणाचार्य के रूप विश्वभर में ख्याति अर्जित करने वाले सुरेन्द्रपाल सिंह, अपने निगेटिव रोल से सैकड़ो बॉलीवुड़ फिल्मों को अपने अभिनय से हिट बनाने वाले अभिनेता मुकेश तिवारी के साथ-साथ बॉलीवुड़ के प्रसिद्ध अभिनेता जावेद हैदर, अनंत जोग, गोविंद नामदेव जाट लैंड़ फिल्म में मुख्य किरदारों में नजर आयेंगे। इस फिल्म के डायरेक्टर योगेश शर्मा और राईटर अर्जुनदेव मलिक है।


## कार्यालय नगर पंचायत अमीनगर सराय, बागपत

पत्रांक मीमो/न.प.अ./2019-20 दिनांक : 04/11/2020

नगर पंचायत अमीनगर सराय की सेनीटेशन सर्विस लेविल बेन्चमार्क-

| S.No. | Indicatiors | Benchmark |
|---|---|---|
| 1 | Coverage of water supply connections | 76.67 |
| 2 | Per capita available of water at consumer end | 153.25 |
| 3 | Extent of metering of water connections | 0.0 |
| 4 | Extent of Non Revenue Water | 20.0 |
| 5 | Continuity of water supply | 100.0 |
| 6 | Efficiency in redressal of customer complaints | 100.0 |
| 7 | Quality of water supplied | 98.0 |
| 8 | Cost recovery in water supply services | 10.0 |
| 9 | Efficieincy in collection of water supply related charges | 80.0 |

**Bulk Supply Apartments (Total)**

| S.No. | Indicators | Value |
|---|---|---|
| 1 | Coverage of Toilets | 100% |
| 2 | Coverage of sewage network services | 25% |
| 3 | Collection efficiency of sewage networks | 0% |
| 4 | Adequacy of sewage treatment capacity | 100% |
| 5 | Quality of sewage treatment | 90% |
| 6 | Extent of reuse and recycling of sewage | 0% |
| 7 | Efficiency in redressal of customer complaints | 100% |
| 8 | Extent of cost recovery in sewage management | 0% |
| 9 | Efficiency in collection of sewage charges | 0% |

**Solid Wast Management Indicators**

| S.No. | Indicators | Result |
|---|---|---|
| 1 | Household level coverage of solid waste management Services | 100% |
| 2 | Efficiency of collective of municipal solid waste | 100% |
| 3 | Extent of segregation of municipal solid waste | 60% |
| 4 | Extent of municipal solid waste recovered | 80% |
| 5 | Entent of scientific disposal of municipal solid waste | 100% |
| 6 | Entent of cost recovery in solid waste management services | 100% |
| 7 | Efficiency in collection of solid waste management Charges | 0% |

**Storm Water Drainage**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Coverage of storm water drainage network | 70% |
| 2 | Incidence of water logging/flooding | 0 |

श्री अभिनव श्रीवास्तव
अधिशासी अधिकारी
न.पं. अमीनगर सराय, बागपत

श्री मांगेराम यादव
अध्यक्ष
न.पं. अमीनगर सराय, बागपत

# निष्पक्ष व शांतिपूर्ण संपन्न कराएं एमएलसी स्नातक व शिक्षक चुनाव : जिलाधिकारी

अथाह संवाददाता




**गाजियाबाद।** सीडीओ को चुनाव प्रशिक्षण कराने की दी जिम्मेदारी गाजियाबाद। जिलाधिकारी अजय शंकर पांडेय की अध्यक्षता में कलक्ट्रेट के महात्मा गांधी सभागार में उत्तर प्रदेश विधान परिषद स्नातक, शिक्षक निर्वाचन-2020 को निष्पक्ष, शान्तिपूर्ण सम्पन्न कराये जाने के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

इस अवसर पर डीएम ने कहा कि विधान परिषद स्नातक/शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र की अधिसूचना जारी होने के पश्चात से 26 दिसम्बर 2016 की गाइड लाईन का पूर्णतः अनुपालन किया जाये। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान कोविड-19 महामारी की गाइड लाईन का पालन किया जाना सुनिश्चित कराएं। प्रत्येक बूथ को क्षेत्रीय स्वास्थ्य केन्द्र एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र से जोड़ा जाये ताकि आपातकालीन स्थिति में तत्काल चिकित्सा आदि की सुविधा मिल सके। मतदाताओं द्वारा मतदान में निश्चित बैंगनी रंग के स्कैच पैन का प्रयोग किया जाये। मतदान केन्द्र के बाहर कोविड-19 के तहत प्रयुक्त सामग्री को इकटठा किये जाने हेतु 02 डस्टबिन रखें जाये।

बैठक में जिलाधिकारी द्वारा एक्सियन पीडब्ल्यूडी को निर्देशित किया गया कि पोलिंग स्टेशन एवं पोलिंग बूथों पर सही बेरीकेटिंग की व्यवस्थाएं कराना सुनिश्चित कराएं। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अस्मिता लाल, अपर जिलाधिकारी वि0 एवं रा0 यशवर्धन श्रीवास्तव, अपर जिलाधिकारी नगर शैलेंद्र सिंह, अपर जिलाधिकारी प्रशासन, जिला विकास अधिकारी भालचंद्र त्रिपाठी, अर्थ एवं सांख्यिकी अधिकारी वीर सिंह, सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

**बैठक**

- मतदाताओं द्वारा मतदान में निश्चित बैंगनी रंग के स्कैच पैन का प्रयोग किया जाये

---

बार एसोसिएशन चुनाव 2020-21

## भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच बार एसोसिएशन का चुनाव आज

**बार चुनाव**

- 7 पद पर 25 प्रत्याशी बार एसोसिएशन के चुनाव मैदान में हैं





अथाह संवाददाता

**गाजियाबाद।** बार एसोसिएशन चुनाव होना है जिसके लिए बार रूप में मतदान केंद्र बनाया गया है और जिसकी सारी तैयारी चुनाव कमेटी ने पूर्ण कर ली है। 7 नवंबर शनिवार को होने वाले बार एसोसिएशन चुनाव के लिए 48 प्रत्याशियों ने पर्चा दाखिल किया था जिसमें से कार्यकारिणी सदस्यों के लिए छह छह लोगों को सहमति से चुन लिया गया था इसके बाद बार एसोसिएशन के 7 पदों के लिए 25 प्रत्याशी चुनाव मैदान में है जिसके लिए अधिवक्ता मतदान करें।

मतदान शनिवार की सुबह 8 बजे से 5 बजे तक जारी रहेगा जबकि मतगणना शाम 7 बजे प्रारंभ होगी। इसके लिए पुलिस प्रशासन ने भी भारी सुरक्षा व्यवस्था का इंतजाम किया है। जहां न्यायालय परिसर के मुख्य द्वार से लेकर मतगणना स्थल तक बड़ी संख्या में पुलिस बल को लगाया जाएगा, वही महिला पुलिस की व्यवस्था भी रहेगी। वही शुक्रवार को बार एसोसिएशन चुनाव के लिए प्रत्याशी व उनके समर्थक मतदाता अधिवक्ताओं के चैंबरो पर प्रचार करते हुए नजर आए दिनभर यह सिलसिला जारी रहा। फोन के माध्यम से भी चुनाव प्रचार जारी रहा और एक दूसरे को अपने समर्थन में वोट डालने का अनुरोध भी किया गया। वही सोशल मीडिया के माध्यम से भी फेसबुक व्हाट्सएप पर भी संदेश भेज कर मतदान करने की अपील। विभिन्न प्रत्याशियों ने की कई प्रत्याशियों और उनके समर्थकों ने फेसबुक पर वीडियो बनाकर स्वस्थ मतदान करने की अपील की। इसके अलावा चुनाव प्रचार के दौरान अपील के पत्रक भी वितरित किए गए। कुल 7 पदों पर 25 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं चीन की किस्मत का फैसला शनिवार को मतदान के दौरान अधिवक्ता करेंगे।

**बार एसोसिएशन चुनाव यह है प्रत्याशी**

| पद का नाम | - | प्रत्याशियों के नाम |
|---|---|---|
| अध्यक्ष | - | नाहर सिंह यादव, मनीष कुमार त्यागी, सत्यकेतु सिंह |
| वरिष्ठ उपाध्यक्ष | - | अजय पाल सिंह, सतीश शर्मा, विद्या शर्मा विक्रमसिंह, |
| सचिव | - | मनमोहन शर्मा, कपिल देव त्यागी, नितिन यादव, ललित मोहन शर्मा, विकास चौधरी, |
| कोषाध्यक्ष | - | गजेंद्र त्यागी, सचिन गुप्ता, विपिन कुमार, |
| कनिष्ठ उपाध्यक्ष | - | आदेश कुमार, अनुज सिसोदिया, बिट्टू शर्मा, परमजीत सिंह, सुमित कुमार त्यागी, |
| सह सचिव (प्रशासन) | - | अंकित त्यागी, राहुल कुमार (कोको), सुरेंद्र कुमार |
| सह सचिव (पुस्तकालय) | - | पूनम गुप्ता, उमंग खरखौदिया |

---

### महिला व्यापारी ने लगाया चेक पर नाम बदलकर 1.76 लाख रुपये निकालने का आरोप

गाजियाबाद। चेक पर नाम बदलकर 1.76 रुपये का भुगतान कराने के मामला सामने आया है। सिहानी गेट क्षेत्र स्थित बैंक शाखा के ड्राप बाक्स से चेक चोरी करने और नाम बदलकर जिला मिजार्पुर स्थित एसबीआइ शाखा के एक खाते में रकम ट्रांसफर कराने का आरोप लगा ट्विटर पर पुलिस और आरबीआई को शिकायत की गई है। शिकायतकर्ता प्रियंका शुक्ला इलेक्ट्रानिक गैजेट्स होलसेल पर बिक्री करती हैं। गांधीनगर में उनका कार्यालय है और यहीं की एक बैंक की शाखा में फर्म का खाता है। प्रियंका की ओर से ट्विटर पर शिकायत कर बताया गया कि एक क्लाइंट ने 27 अक्टूबर को करीब 1.76 लाख रुपये का यस बैंक का चेक दिया था।

---

मोहिउद्दीनपुर चीनी मिल का पेराई सत्र शुरू

## किसानों का भुगतान समय से हो: डा. मंजू शिवाच

अथाह संवाददाता



**मोहिउद्दीनपुर (मेरठ)।** मोदीनगर से भाजपा विधायक डा. मंजू शिवाच ने कहा कि मिलों की पेराई क्षमता बढ़ाने के साथ ही किसानों को गन्ना मूल्य भुगतान समय से हो इसका प्रबंध भी किया जाना चाहिये। वे मोहिउद्दीनपुर चीनी मिल के पेराई सत्र के शुभारंभ पर विचार व्यक्त कर रही थी।

शुक्रवार को मोहिउद्दीनपुर चीनी मिल के नये पेराई सत्र के शुभारंभ पर आयोजित हवन में मोदीनगर विधायक डा. मंजू शिवाच, मेरठ दक्षिण विधायक डा. सोमेंद्र तोमर, मोहिउद्दीनपुर चीनी मिल के जीएम शीशपाल सिंह, मुख्य अभियंता नरेंद्र कुशवाहा, मुख्य गन्ना प्रबंधक गन्ना समिति चेयरमैन शशांक, सुनील राठी, क्रय प्रभारी सुधीर चौधरी, डीसीओ दुष्यंत कुमार, गन्ना समिति सचिव डा. सुनील कुमार आदि अधिकारियों एवं किसानों ने भाग लिया। हवन के बाद जनप्रतिनिधियों तथा अधिकारियों ने चेन पर गन्ना डालकर मिल के पेराई सत्र का शुभारंभ किया।

इस मौके पर विधायक डा. मंजू शिवाच ने मिल के जीएम शीशपाल सिंह एवं किसान भाइयों तथा सभी अधिकारियों को धन्यवाद देते हुए कहा कि गन्ने की मिल का शुरू होना किसान भाइयों के लिए दीपावली के त्यौहार की तरह है। मोदीनगर विधानसभा क्षेत्र, मेरठ दक्षिण विधानसभा क्षेत्र एवं सिवालखास विधानसभा क्षेत्र के अधिकतर किसान गन्ने की खेती पर ही निर्भर हैं। उन्होंने यह भी कहा कि मिल अपनी पूर्ण क्षमता के साथ काम करें ऐसी मेरी शुभकामनाएं है। मिलों की क्षमता बढ़ाई जानी चाहिए एवं किसानों को प्राथमिकता देते हुए कहा कि गन्ना मूल्य भुगतान सही समय पर हो।

**शुरूआत**

- गन्ने की मिल का शुरू होना किसान भाइयों के लिए दीपावली के त्यौहार की तरह

---

## पर्वतारोही व शूटर को महापौर एवं नगर आयुक्त ने दिए ढाई - ढाई लाख के चेक

अथाह संवाददाता



**गाजियाबाद।** नगर निगम महापौर आशा शर्मा एवं नगर आयुक्त महेंद्र सिंह तवर द्वारा एक अंतरराष्ट्रीय शूटर शिवम त्यागी एवं एक अंतरराष्ट्रीय पर्वतारोही सागर कसाना को ढाई-ढाई लाख रुपए के चेक वितरण किए।

यह धनराशि का निर्णय नगर निगम की सदन की बैठक में प्रस्ताव पास करा कर लिया गया। यह धनराशि गाजियाबाद नगर निगम द्वारा इनके द्वारा किए गए अपने देश अपने शहर को नाम उज्जवल करने के लिए दिए गए। इस धनराशि से इनका खेल एवं देश हित के प्रति सद्भावना होंगी और भविष्य में इस धनराशि से एक अच्छे मुकाम पर पहुंचकर अपने शहर और देश का नाम रोशन करेंगे। शिवम त्यागी सन 2019 में जर्मन में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शूटिंग खेल चुके हैं, सन 2018 में नेशनल लेवल में ब्रोंज मेडल जीत चुके हैं ऐसे ही सन 2018 में गोल्डन मेडल, सिल्वर मेडल, ब्रोंज मेडल, सिल्वर मेडल, और अन्य स्थानों पर पंजाब,देहरादून, न्यू दिल्ली ,केरला ,अहमदाबाद, खेल चुके हैं, इसके साथ ही जोनल लेवल पर भी शिवम त्यागी अच्छे शूटर साबित हुए हैं जोनल लेवल पर 2 सिल्वर मेडल, फर्स्ट पोजीशन इत्यादि ग्रहण किये है ऐसे ही स्टेट लेवल पर 2016, 2017 में गोल्डन मेडल, सिल्वर मेडल, एवं अन्य पोजीशन पर रहे हैं इन्होंने अपने माता-पिता का ही नहीं बल्कि अपने शहर अपने देश का नाम रोशन किया है और शहर को इन पर

---

## मोदीनगर में अब पोलीथिन पर लगी पूर्ण रूप से पाबंदी



अथाह संवाददाता

**मोदीनगर।** मोदीनगर में अब पालीथिन के प्रयोग पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध होगा। इस संबंध में नगर पालिका चेयरमैन अशोक माहेश्वरी एवं व्यापारियों के बीच हुई बैठक में सहमति बनी।

शुक्रवार को नगर पालिका परिषद ने पालीथिन के खिलाफ अभियान चलाते हुए व्यापारियों के खिलाफ कार्रवाई शुरू की। इसको लेकर पालिका का विरोध हुआ। बाद में व्यापारी एकत्र होकर नगर पालिका पहुंचे। पालिका कार्यालय में व्यापारियों की चेयरमैन अशोक माहेश्वरी एवं अधिशासी अधिकारी शिवराज सिंह के साथ वार्ता हुई। दोनों ने व्यापारियों को समझाया कि पालीथिन से क्या क्या नुकसान है। उन्होंने बताया कि गायें भी पालीथिन खाकर मर रही है। इसके बाद व्यापारियों ने पालीथिन बंद करने पर सहमति जताई एवं सहयोग करने के साथ लोगों को जागरूक करने के लिए अभियान चलाया जायेगा।

इस मौके पर मुख्य रूप से व्यापार मंडल अध्यक्ष महेश तायल, प्रमोद गोयल, सभासद पति एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता नवीन जायसवाल समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

---

## पत्रकार की गिरफ्तारी के विरोध में युवा मोर्चा ने महाराष्ट्र सरकार का पुतला फूंका

अथाह संवाददाता



**गाजियाबाद।** महानगर भाजपा युवा मोर्चा के महानगर अध्यक्ष गौरव चोपड़ा के नेतृत्व में भाजयुमो कार्यकताओं ने महाराष्ट्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए महाराष्ट्र सरकार के द्वारा महाराष्ट्र में न्यूज चैनल के प्रधान संपादक की गिरफ्तारी के विरोध में घंटाघर पर जमकर विरोध प्रदर्शन किया। भाजपा के महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा एवं भाजयुमो के महानगर अध्यक्ष गौरव चोपड़ा के आह्वान पर भाजयुमो कार्यकत?ताओं ने घंटाघर पर महाराष्ट्र सरकार का पुतला दहन किया।

घंटाघर पर प्रदर्शन के दौरान भाजपा युवा मोर्चा के महानगर अध्यक्ष गौरव चोपड़ा ने कहा कि महाराष्ट्र सरकार सत्ता का दुरुपयोग कर रही है। पत्रकारों पर खुलेआम अत्याचार किए जा रहे हैं और लोकतंत्र की हत्या की जा रही है। गौरव चोपड़ा ने पत्रकार अर्णव गोस्वामी की गिरफ्तारी को गलत बताते हुए महाराष्ट्र सरकार के निर्णय को निरंकुशता की पराकाष्ठा बताया । उन्होंने कहा कि उद्धव सरकार द्वेष भावना से काम करते हुए जनविरोधी निर्णय ले रही है और पत्रकार की गिरफ्तारी पत्रकारिता पर सीधा हमला है । प्रदर्शन में युवा मोर्चा के महानगर उपाध्यक्ष संदीप चौधरी , मोनू त्यागी , महामंत्री राहुल गिरी , लीलू प्रधान , संदीप चौरसिया , दीपक पराशर , मोहित जयसवाल, दीपक कश्यप एवं मंडल अध्यक्ष ऋषभ तिवारी, मानिक नागर, कपिल मावी, सौरभ त्यागी, जावेद खान, मोहित चौधरी, दीपक राघव, मनोज यादव, अभिषेक त्यागी, राहुल पंडित, दिलीप श्रीवास्तव,लव त्यागी,आशीष शर्मा,गगन पंडित, आशुतोष श्रीवास्तव आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे ।

---

## सड़क पर गाड़ी खड़ी कर शराब पी रहे दबंगों ने युवक का सिर फोड़ा

अथाह संवाददाता

**गाजियाबाद।** विजयनगर क्षेत्र के संतोष मेडिकल तिराहे पर सड़क पर कार खड़ी कर शराब पी रहे दबंगों को टोकना रेलवे एनक्लेव निवासी संजीव कुमार को भारी पड़ गया। गुस्साए कार सवारों ने उन पर बीयर की बोतल से हमला कर दिया और फिर कार में खींचकर अगवा करने की कोशिश की। हेलमेट पहना होने के कारण संजीव कुमार बाल-बाल बच गए। रोडरेज में हुई घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर दौड़ पड़ी। कार के नंबर के आधार पर पुलिस आरोपियों की तलाश में जुट गई है।

विजयनगर थाना क्षेत्र के प्रताप विहार स्थित रेलवे एनक्लेव निवासी संजीव कुमार का कहना है कि वह बीती रात करीब साढ़े 8 बजे बाइक लेकर संतोष मेडिकल तिराहे से गुजर रहे थे। वहां पर बीच सड़क में कार खड़ी कर तीन युवक शराब पी रहे थे। राहगीरों को आने-जाने में असुविधा हो रही थी। उन्होंने कार सवारों से गाड़ी साइड में लगाने को कहा तो वह तैश में आ गए। आरोप है कि तीनों युवक कार से उतर आए और उनके साथ गाली-गलौच शुरू कर दी। विरोध करने पर उक्त युवकों ने उन्हें पीटना शुरू कर दिया। इसी बीच एक युवक ने बीयर की खाली बोतल से उनके सिर पर प्रहार किया। हालांकि, हेलमेट पहना होने के कारण वह बाल-बाल बच गए। कार में खींचकर अगवा करने की कोशिश की। संजीव कुमार का कहना है कि हमलावरों की गुंडई इतने पर भी कम नहीं हुई। उन्होंने जबरन उन्हें कार में बैठाकर उन्हें अगवा करने की कोशिश की। शोर मचाने पर राहगीर व आस-पास के लोग इकट्ठा हो गए तो वह उन्हें कार से फेंककर फरार हो गए। इसके बाद उन्होंने यूपी-112 पर कॉल कर पुलिस को सूचना दी।

---

भाजपा के अंतिम दौर के प्रशिक्षण शिविरों का समापन

# भाजपा कार्यकर्ता सादगी के साथ बतो रास्ते पर चलें: दिनेश सिंघल

अथाह संवाददाता




**मोदीनगर।** गाजियाबाद भाजपा जिलाध्यक्ष दिनेश सिंघल के नेतृत्व में मोदीनगर विधानसभा के पांचवे व अंतिम दौर में भोजपुर व मोदीनगर देहात मंडलों के प्रशिक्षण शिविरों का समापन हुआ जिसमें जिलाध्यक्ष दिनेश सिंघल ने मोदीनगर विधायक डा. मंजू शिवाच, मोदीनगर चेयरमैन अशोक महेश्वरी के साथ साथ सभी मंडल अध्यक्षों व मंडल प्रशिक्षण शिविर के सभी सहयोगियों का धन्यवाद व आभार प्रकट किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अनुरोध किया कि जिन विषयों पर उन्हें वक्ताओं का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ है हम आशा करते हैं कि भाजपा का एक-एक कार्यकर्ता अपने जीवन में सादगी के साथ उसी राह पर चलेगा और भाजपा की नीति और रीति को आगे बढ़ाने का काम करेगा।

समापन दिवस पर वक्ताओं में भोजपुर ब्लॉक प्रमुख कृष्ण वीर सिंह ने भाजपा का इतिहास और विकास विषय को प्रमुखता के साथ कार्यकताओं के बीच रखा। योगेंद्र मावी, राम कुमार त्यागी, बसंत त्यागी, मानसिंह गोस्वामी आदि ने विभिन्न विषयों पर अपने विचार रखें। प्रशिक्षण शिविर के पांचवे दौर के समापन के साथ ही जिला गाजियाबाद के सभी मंडलों के प्रशिक्षण शिविरों का समापन हुआ।

**उद्बोधन**

- भाजपा का एक एक कार्यकर्ता भाजपा की रीति और नीति को बढ़ाए

---

## एमएलसी चुनाव को लेकर भाजपा की अहम बैठक



अथाह संवाददाता

**साहिबाबाद।** मेरठ खंड स्नातक चुनाव 2020 की महत्वपूर्ण बैठक मंडल अध्यक्ष राजन आर्या के नेतृत्व में हुई। जिसका संचालन मंडल महामंत्री हरीश गौड़ ने किया । मुख्य वक्ता महामंत्री पप्पू पहलवान , पूर्व अध्यक्ष चंद्र मोहन शर्मा का उद्बबोधन सुनने को मिला।

सभी ने स्नातक व शिक्षक चुनाव में भाजपा प्रत्याशी को जिताने के लिए जी तोड़ मेहनत करने का आह्वान किया इस अवसर पर संजय रावत आर डी शर्मा सिद्धि प्रधान डी एन कौल नरेश देवयानी हरवीर प्रधान भूषण लाल आशा पवार राजेन्द्र कोकरिया मनोज मिश्रा सुशील भसीन सोनू पहलवान प्रदीप कुमार गुरदास पाल जितेंद्र रोहित सूरज कुलदीप मोहित नीतू प्रकाश राजीव शर्मा इंदिरा सैनी राजन सचिन शर्मा इंदु तोमर संजय शर्मा सुदीप शर्मा अजय कुमार सिमल शर्मा तौफिक सिद्दिकी राकेश प्रकाश सुरेश तिवारी प्रतीक माथुर आदि उपस्थित रहे ।

स्वत्वाधिकारी अथाह पब्लिकेशन के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक शकुंतला ओझा ने 1, एकता विहार, रमते राम रोड, गजियाबाद-201001 अथाह प्रेस से छपवाकर 141, आरडीसी, राजनगर, गाजियाबाद से प्रकाशित किया। डाक पंजीकरण संख्या- यू.पी./बी.आर./207, आर.एन.आई पंजीकरण संख्या-50976/89
Email: athahmedia@gmail.com फोन : 0120-4334275 , 9411014455, 8506060146, **संपादक- अशोक ओझा, सह-संपादक : अमित शर्मा,** नोएडा कार्यालय : 103, जी.सी. कॉम्पलैक्स नया बांस, नोएडा। मोबाइल फोन - 8218445258